www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

03 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 162







### भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एनडीए नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक, भरी हुंकार

# झारखंड में लोकसभा की 14 की 14 सीटें जीतेंगे

- आजसू और भाजपा के प्रमुखों ने सामूहिक लोकसभा चुनाव अभियान चलाने की घोषणा की
- जिला स्तर पर चुनाव की रणनीति बनायेगा एनडीए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को एनडीए की बैठक हुई। इसमें भाजपा और आजसू के नेतागण शामिल हुए। बैठक में झारखंड में लोकसभा की सभी 14 सीटें जीतने का संकल्प दोहराया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान में हमें संपर्क, संवाद और समन्वय से कार्य करना है। प्रत्याशी और कार्यकर्ता जनता से अधिक से अधिक संपर्क करें। कोई घर छूटे नहीं। हम घर-घर जाकर मोदी जी का संदेश पहुंचायें, उनका प्रणाम कहें। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग, समाज के बीच हमारा प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हो और कार्यकर्ता आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान को गति दें। जनता मोदी जी को तीसरी बार और मजबूती के साथ प्रधानमंत्री के रूप में देखने के लिए उत्सुक है। एनडीए मजबूत है और जनता एनडीए के साथ है। बैठक को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय ने संबोधित किया।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित एनडीए की बैठक में उपस्थित भाजपा और आजसू के नेतागण।

## भ्रष्टाचारी को बचाने और सजा दिलाने के बीच है लड़ाई: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में दोनों पक्षों का एजेंडा स्पष्ट है। एक तरफ इंडी ठगबंधन घोटालेबाजों का गठबंधन है, जो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है।वहीं एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है। सारी भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियां आज मोदी को इसलिए हटाना चाहती है ताकि उनके भ्रष्टाचार से पर्दा नहीं उठे। जनता के लूटे पैसे को पाई पाई वापस कराना यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच मोदी सरकार की अपार उपलब्धियां और राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर घर घर जायें।

## 6 को घर-घर झंडा लगायें कार्यकर्ता: कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है। उन्होंने प्रत्याशियों को प्रचार अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा अपने-अपने घरों पर अवश्य लगायें।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश महामंत्री सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक लंबोदर महतो, उमाकांत रजक उपस्थित थे।

## विकसित भारत का संकल्प पूरा करें : अर्जुन

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही। पिछले दस वर्षों में गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित विकास की मुख्यधारा से जुड़े। गरीबी रेखा से 25 करोड़ लोग बाहर आये। वहीं देश का स्वाभिमान सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करती है। हमारे लिए देश की सेवा सर्वोपरी है। मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं में देश को मजबूत किया है। राष्ट्र की आंतरिक बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्म विश्वास से भरा हुआ है। चुनाव के बीच के केंद्र सरकार मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों में होने वाले कार्यों की तैयारी कर रही। भाजपा 2024के संकल्प पत्र में जनता से प्राप्त सुझाओं को समाहित करेगी।

## देश में आज एक ही चेहरा है मोदी: सुदेश महतो

बैठक को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रदेश में एनडीए पूरी तरह एकजुट है और मजबूत है। जमीनी स्तर पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित कर प्रचार अभियान को सफल बनाने की परंपरा अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के लिए केवल एक ही चेहरा है नरेंद्र मोदी। जनता मोदी जी को जिताने के लिए संकल्पित है। हम टीम झारखंड बना कर काम करना है। जनता का विश्वास जीतना है।

### सुप्रीम कोर्ट से आप सांसद को बड़ी राहत

# संजय सिंह को मिली जमानत

- पिछले छह महीने से जेल में थे बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। संजय सिंह को शराब नीति घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को जमानत देने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कहा कि अगर आप नेता को मामले में जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन इस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। हालांकि, बेंच ने साफ किया कि संजय सिंह को दी गयी जमानत को 'मिसाल' के तौर पर नहीं लिया जायेगा। तीन जजों की बेंच ने कहा कि सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और उनकी जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी। इडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी से निर्देश ले लिये हैं। अगर श्री सिंह को जमानत दी जाती है तो कोई आपत्ति नहीं है।

# तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त: कल्पना



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गयी हैं। पति के जेल जाने के बाद उन्होंने हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया की कमान संभाल ली है। इस पर आये दिन वह कोई ना कोई पोस्ट करती हैं। मंगलवार को उन्होंने आप नेता संजय सिंह को बेल मिलने पर बधाई देते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कल्पना ने लिखा है कि तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह आइएनडीआइए की जीत है। संजय सिंह, उनकी धर्मपत्नी अनिता सिंह व उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार।

## न्यूज रील्स

### कांग्रेस ने 17 उम्मीदवारों की घोषणा की

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 11वीं लिस्ट जारी की। इसमें चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओड़िशा, बिहार और पश्चिम बांगल शामिल है। कांग्रेस ने इन राज्यों के 17 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। अब तक लकोसभा चुनाव के लिए 231 प्रत्याशियों का ऐलान किया जा चुका है। इसके साथ ही ओड़िशा और आंध्र प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है। आंध्र प्रदेश की लिस्ट में 114 प्रत्याशियों के नाम हैं और ओड़िशा की लिस्ट में 49 उम्मीदवारों के शामिल किये हैं।

### रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी

नयी दिल्ली। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया। अदालत ने कहा कि एक हफ्ते में जवाब दाखिल कीजिये। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। अदालत ने कहा कि सुनवाई पर रामदेव और बालकृष्ण मौजूद रहें। मंगलवार को सुनवाई के दौरान रामदेव के वकील बलवीर सिंह ने कोर्ट से कहा कि योगगुरु माफी मांगने के लिए यहां मौजूद हैं। भीड़ की वजह से कोर्टरूम नहीं आ पाए। अदालत ने एफिडेविट देखने के बाद फटकार लगायी और कहा कि यह प्रॉपर एफिडेविट नहीं है।

### अयोध्या बनी दुनिया की धार्मिक राजधानी

लखनऊ। अयोध्या दुनिया की धार्मिक राजधानी बन चुकी है। राम मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 10 मार्च तक यहां 1 करोड़ लोग पहुंचे। यानी औसतन 2 लाख लोग यहां रोज दर्शन कर रहे हैं। दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी भी धर्म के धर्मस्थल पर नहीं पहुंच रहे।

### 10 नक्सली ढेर हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों ने मंगलवार को मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी है। सभी के शव बरामद कर लिए गये हैं। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर पापाराव के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सुबह छह बजे से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। जवानों ने नक्सलियों के पास से एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किये हैं।

# भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह राजद में शामिल

- चतरा से बनाया जा सकता है पार्टी प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के एक और दिग्गज नेता गिरिनाथ सिंह ने पार्टी छोड़कर राजद का दामन थाम लिया है। मंगलवार को पटना स्थित राजद कार्यलय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। बिहार राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह और महासचिव भोला प्रसाद यादव ने उनका स्वागत किया। बताते चलें कि कुछ दिनों पहले ही उन्होंने लालू यादव से उनके आवास पर मुलाकात की थी। पार्टी उन्हें चतरा से प्रत्याशी बना सकती है। इस मौके पर झारखंड राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि उनकी घर वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी। गिरिनाथ के दोबारा राजद के साथ जुड़ने पर पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, भोला प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार सहित अन्य कई नेताओं ने बधाई दी है।

# थाने में बैठ कर भगोड़ा ने कैसे करायी एफआइआर

- चुनाव आयोग ने की कार्रवाई, हटाये गये देवघर एसपी, राज्य सरकार से मांगा पैनल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देवघर के एसपी पर बड़ा एक्शन लिया है। दरअसल चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटा दिया है। निर्वाचन आयोग के सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक देवघर एसपी को हटाये जाने का आदेश सरकार को भेज दिया गया है। वहीं नये एसपी के लिए राज्य सरकार से पैनल मांगा है। नये एसपी पर निर्वाचन आयोग ही मुहर लगायेगा। बताया जा रहा है कि तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी शिवदत्त शर्मा ने 28 मार्च को सांसद निशिकांत दुबे पर जसीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग तक पहुंची थी कि एक फरार आरोपी कैसे थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करवा सकता है। एक दिव्यांग को भी जेल भेजने सहित कई अन्य आरोप देवघर एसपी पर हैं। इन शिकायतों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने कड़ा कदम उठाते हुए देवघर एसपी को पद से हटा दिया।

# केंद्र ने बुजुर्गों को मिली छूट वापस लेकर कमाई की : चंपाई सोरेन

- मुख्यमंत्री ने निशाना साधते हुए कहा, फर्क साफ है, हमने पेंशन योजना से जोड़ा


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सूचना के अधिकार (आरटीआइ) कानून के तहत पूछे गये सवालों से पता चला है कि ट्रेन किराये में सीनियर सिटीजन को दी जाने वाली रियायतें वापस लेने के बाद से भारतीय रेल ने बुजुर्गों से 5800 करोड़ से ज्यादा का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। इसको लेकर झारखंड सरकार केंद्र की भाजपा सरकार पर हमलावर है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि एक तरफ केंद्र सरकार बुजुर्गों से उनका हक छीनकर राजस्व कमा रही है, तो दूसरी तरफ झारखंड सरकार सम्मान के साथ यहां के बुजुर्गों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ रही है। उन्होंने यह कहते हुए बताया है कि फर्क साफ दिखता है।

**सीएम ने ट्वीट किया**

सीएम चंपाई सोरेन ने ट्वीट में लिखा है कि मंगलवार को खबर मिली कि बुजुर्ग यात्रियों से छूट वापस लेकर रेलवे को 5,800 करोड़ का फायदा हुआ है। दूसरी ओर, हमारी झारखंड सरकार ने 36 लाख से अधिक बुजुर्गों को पेंशन का सहारा दिया। केंद्र द्वारा हाथ खींच लेने के बावजूद, हमारी सरकार सर्वजन पेंशन योजना लेकर आयी। हर जरूरतमंद को इससे लाभान्वित किया गया। हमारी सरकार ने सभी महिलाओं, एससी/एसटी पुरुषों के लिए पेंशन की आयु सीमा को घटा कर 50 वर्ष कर दिया है, ताकि वे लोग भी सम्मानजनक जीवन जी सकें, जो ढलती उम्र की वजह से मजबूर हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव पर, इन बुजुर्गों को हमारा साथ, सम्मान और सहयोग चाहिए। इनकी दुआएं परिवार और राज्य को बेहतर बनायेंगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 64,300 रु./10 ग्राम
चांदी 80,000 रु./प्रति किलो


# झारखंड में इंडी गठबंधन मतलब झामुमो और कांग्रेस

## ■ कांग्रेस और राजद में बढ़ी रार, भाकपा ने चार सीटों पर ठोक दी है ताल

## ■ लोहरदगा और कोडरमा में चमरा लिंडा और जयप्रकाश वर्मा अटका रहे हैं रोड़े

**आजाद सिपाही विशेष**

**लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए गठबंधन से लोहा लेने के लिए विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन तैयार किया है, लेकिन चुनाव की तारीखों के एलान के बाद झारखंड में यह गठबंधन दो दलों झामुमो और कांग्रेस के बीच सिमट कर रह गया है। चतरा सीट को लेकर कांग्रेस और राजद के बीच अनबन हो गयी है, तो लोहरदगा से चमरा लिंडा और कोडरमा से जयप्रकाश वर्मा ने ताल ठोक कर परेशानी बढ़ा दी है। पश्चिम बंगाल के बाद झारखंड ऐसा दूसरा प्रदेश है, जहां इस गठबंधन में बिखराव सामने आ गया है। पश्चिम बंगाल में तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि उनके राज्य में इंडी अलायंस का कोई वजूद नहीं है और कांग्रेस-माकपा पूरी तरह भाजपा के पक्ष में हैं। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस को नजरअंदाज करते हुए राज्य की सभी 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये। इसी तरह झारखंड में भी इंडी अलायंस के घटक भाकपा ने गठबंधन से बाहर निकलने का एलान करते हुए चार सीटों, पलामू, खूंटी, लोहरदगा और दुमका पर प्रत्याशी उतार दिया है। पार्टी ने चार और सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है और उसके लिए प्रत्याशियों की घोषणा बाद में की जायेगी। इससे पहले राजद ने राज्य की दो सीटों पर घोषित अपने उम्मीदवारों को वापस लेने से इनकार कर इंडी गठबंधन के बिखरने की रही-सही प्रक्रिया को पूरा कर दिया है। राजद ने साफ कर दिया है कि उसे कांग्रेस-झामुमो के 7-5-1-1 का फॉर्मूला स्वीकार्य नहीं है। इन दोनों पार्टियों की घोषणाओं के साथ अब एक बात साफ नजर आने लगी है कि इंडी अलायंस कम से कम झारखंड में तो टूट चुका है। झारखंड में विपक्षी गठबंधन के बिखरने का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने जैसे ही पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों की सूची जारी की, वैसे ही कांग्रेस और इंडी अलायंस को तगड़ा झटका लगा। अब ऐसा ही एक और झटका इस अलायंस को झारखंड में भी लगा है।

### भाकपा ने खत्म किया गठबंधन का वजूद

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड में गठबंधन से अलग होने का एलान करते हुए राज्य की चार सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। बाकी चार सीटों पर उम्मीदवारों का एलान बाद में किया जायेगा। इस तरह भाकपा ने झारखंड में इंडी अलायंस का वजूद खत्म कर दिया है। भाकपा ने खूंटी, लोहरदगा, पलामू और दुमका के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। अब रांची, हजारीबाग, राजमहल और कोडरमा से प्रत्याशियों की घोषणा होनी है। भाकपा के नेताओं ने कहा कि पार्टी की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में और हैदराबाद राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दुमका सहित झारखंड की आठ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। इन सभी सीट पर पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव में उतरेगी। पार्टी का कहना है कि संथाल परगना में भाजपा-झामुमो का जो तमाशा-नाटक चल रहा है, जनता इसका जवाब देगी। बता दें कि हजारीबाग में 2004 में भाकपा के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सांसद रह चुके हैं। इसलिए हजारीबाग से तो वह हर हाल में लड़ेगी।

### चतरा और पलामू सीट के लिए अड़े लालू यादव





झारखंड में इंडी अलायंस का सिरदर्द उस समय और बढ़ गया, जब राजद ने चतरा और पलामू से घोषित प्रत्याशियों को वापस लेने से इनकार कर दिया। इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का जो फॉर्मूला तैयार किया गया है, उसके मुताबिक राजद को केवल पलामू सीट मिली थी। फॉर्मूले के अनुसार झारखंड की सात सीटों पर कांग्रेस और पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार होंगे। बाकी एक सीट, कोडरमा भाकपा-माले के पास है, जिसने विधायक विनोद सिंह को मैदान में उतारा है। राजद का शीर्ष नेतृत्व इस पर सहमत नहीं है। लालू प्रसाद यादव चतरा और पलामू सीटों पर अपने उम्मीदवार दे चुके हैं और उन्होंने इनमें से किसी को भी वापस लेने से इनकार कर दिया है। इससे कांग्रेस और राजद के रिश्तों में खटास आ गयी है। माना जा रहा है कि बिहार में राजद ने सीट शेयरिंग में ड्राइविंग सीट पर बैठ कर फैसले किये। इसके चलते कांग्रेस को नौ सीटें तो चुनाव लड़ने के लिए मिल गयीं, लेकिन कई सीटें कांग्रेस को उसकी पसंद की नहीं मिली हैं। अब झारखंड में सीट शेयरिंग में ड्राइविंग सीट पर कांग्रेस है। कांग्रेस भी वही कर रही है, जो बिहार में उसके साथ हुआ है, लेकिन राजद इसके लिए तैयार नहीं है।

### झामुमो के चमरा लिंडा और जयप्रकाश वर्मा ने लोहरदगा और कोडरमा पर ठोंकी दावेदारी

उधर झामुमो के विधायक चमरा लिंडा ने लोहरदगा सीट से चुनाव लड़ने का एलान कर कांग्रेस की मुसीबत बढ़ा दी है। लोहरदगा लोकसभा सीट पर चमरा लिंडा के दावा करने के पीछे एक वजह भी है। इस क्षेत्र में वह एक मजबूत नेता के रूप में जाने जाते हैं। तीन लोकसभा चुनाव का परिणाम तो कुछ ऐसा ही कहता है। चुनावी आंकड़ों पर गौर करें, तो साल 2004 के चुनाव से लेकर साल 2014 तक के चुनाव में चमरा लिंडा ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी थी। साल 2004 के चुनाव में चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। उन्होंने 58947 वोट लाकर सबको हैरान कर दिया था। वर्ष 2009 के चुनाव में फिर एक बार चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। उस बार भी वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। उन्हें 136345 वोट प्राप्त हुए थे और वह दूसरे स्थान पर रहे थे। साल 2014 के चुनाव में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। इसी तरह कोडरमा से झामुमो के जयप्रकाश वर्मा ने चुनाव लड़ने की घोषणा कर माले प्रत्याशी विनोद सिंह की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सोरेन ने उन्हें चुनाव लड़ने की तैयारी करने को कहा था और वह तैयारी कर रहे हैं। वह हर हाल में कोडरमा से झामुमो उम्मीदवार होंगे। अब देखना यह है कि झामुमो उन्हें कैसे मनाता है।

### झारखंड से कांग्रेस को उम्मीद

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि एक गिरिडीह सीट आजसू के खाते में गयी थी, एक राजमहल सीट झामुमो और सिंहभूम की एक सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सात सीटों पर लड़ी थी, जबकि झामुमो ने चार पर, झाविमो ने दो पर और राजद ने एक सीट पर प्रत्याशी दिया था। इसके छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 16 विधायक जीत कर आये थे। उस लिहाज से देखा जाये तो कांग्रेस ऐसी मांग कर सकती है, लेकिन झामुमो इस बारे में क्या सोच रखता है, यह तो आने वाला समय तय करेगा। 2019 के लोकसभा का ट्रैक रिकॉर्ड अगर देखा जाये, तो झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर ही बाजी मारी थी। हो सकता है कि यहां कांग्रेस को कम झटका लगे, लेकिन चुनावी परिणाम में उसे झटका लग सकता है।

### झारखंड में शुरू से ही हिचकोले खा रहा है गठबंधन

झारखंड में सत्तारूढ़ तीन पार्टियों, झामुमो, कांग्रेस और राजद की मिली-जुली सरकार चल रही है और ये तीनों दल इंडी अलायंस में शामिल हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर भाकपा के एलान के बाद इस अलायंस को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती बन गयी है। झारखंड में इंडी अलायंस में इन तीन दलों के अलावा भाकपा, माकपा और भाकपा माले शामिल हैं। जदयू इस अलायंस से बाहर निकल चुका है। गठबंधन के भीतर शुरू से ही मतभेद की बातें सामने आने लगी थीं।

इस चुनाव में कांग्रेस को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक चार सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं होने के पीछे मुख्य कारण यह है कि एक-एक सीट पर उसके कई-कई उम्मीदवार हैं। धनबाद, रांची और चतरा में कई उम्मीदवार ताल ठोंक रहे हैं। इनमें से चुनना प्रदेश नेतृत्व के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसी तरह लोहरदगा में तो उसने अपना उम्मीदवार उतार दिया है, लेकिन सुखदेव भगत का कितना साथ बंधु तिर्की और रामेश्वर उरांव देंगे, यह समय ही बतायेगा।

---

# कांग्रेस कल तक करेगी लोस उम्मीदवारों की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक 3 अप्रैल को होनी है। इसके बाद कांग्रेस और राज्य में इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रहे दलों के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने की संभावना है। मिल रही जानकारी के मुताबिक राज्य में कांग्रेस सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें से अब तक सिर्फ तीन सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो पायी है। कांग्रेस के हिस्से की बची सीटों पर पार्टी सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक खत्म होने के बाद या अगले दिन सुबह उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। 3 अप्रैल की देर शाम या चार अप्रैल को किसी समय उम्मीदवारों की लिस्ट जारी हो सकती है। इसके बाद पूरी तरीके से कांग्रेस राज्य के चुनावी मैदान में उतर जायेगी।




**सीट शेयरिंग का फॉर्मूला**

**झारखंड में इंडी गठबंधन के तहत चार दल राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें कांग्रेस, जेएमएम, आरजेड और भाकपा माले शामिल है। कांग्रेस लोकसभा की सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू पर उम्मीदवार देगी। वहीं जेएमएम राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और सिंहभूम (चाइबासा) लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ भाकपा माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगा।**

### तीन सीटों पर कांग्रेस कर चुकी है घोषणा

कांग्रेस सीइसी की 28 मार्च को हुई बैठक के बाद पार्टी ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। इसमें लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जयप्रकाश पटेल को पार्टी ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। फिलहाल इंडी गठबंधन को 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करनी है।

# चतरा सीट को लेकर वामदल आपस में लाल

### माकपा ने भाकपा को सीट छोड़ने की दी सलाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के वामदलों में एका नहीं दिख रहा है। वामदलों की ओर से पहले इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की गयी थी। वहीं सीट नहीं मिलने पर नाराज सीपीआइ नेताओं ने सभी आठ लोकसभ सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है।

ऐसे में वामदलों की एकजुटता बनाये रखने के लिए सीपीआइएम की ओर से सीपीआइ नेताओं को पत्राचार किया गया है। इसमें भाजपा को लोकसभा चुनाव में हराने के लिए वामदलों की एकजुटता की बात कही गयी है। पत्राचार की जानकारी देते हुए सीपीआइएम नेता प्रकाश विप्लव ने कहा कि मार्च में संयुक्त वामदलों की बैठक में सीपीआइएम की ओर से राज्य की दो सीटों राजमहल और चतरा में प्रत्याशी दिये जाने का आग्रह सीपीआइ से किया गया था।

लेकिन इस अनुरोध को सीपीआइ ने नजरअंदाज किया था। साथ ही सीपीआइ ने चतरा संसदीय सीट पर भी अपना उम्मीदवार दिये जाने की घोषणा कर दी। इस घोषणा से वाम कतारों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है।

इस सबंध में सीपीआइएम की स्पष्ट समझ है कि अब तक के घटना के अनुसार झारखंड में इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग की संभावना नजर नहीं आ रही है। इसलिए वामदलों विशेष कर सीपीआइ और सीपीआइएम की एकता अत्यावश्यक है। इसलिए वक्त को देखते हुए झारखंड में भाजपा की हार सुनिश्चित किये जाने के लिए कम से कम वामदलों की एकता सुनिश्चित होनी चाहिए। इस पृष्ठभूमि में अनुरोध है कि सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आपसी बातचीत जारी रखी जाये और चतरा संसदीय सीट पर सीपीआइ पुनर्विचार कर सीपीआइएम को दे।

### गिरिडीह पुलिस ने 24 घंटों में जब्त किये 15 लाख नकद

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह जिले की पांच थानों की पुलिस ने पिछले 24 घंटों में एसपी के निर्देश पर 15 लाख से अधिक नकदी बरामद की है। सरिया थाना पुलिस ने मंगलवार चार लाख 45 हजार नकद रुपये बरामद किया। इसके कुछ देर बाद सरिया थाना पुलिस ने दो लाख रुपये बरामद किये। इससे पहले सोमवार को गिरिडीह की मुफ्फसिल थाना पुलिस ने भी एक गाड़ी से ढाई लाख नकद बरामद किया। देवरी थाना पुलिस को भी गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती इलाके से एक लाख 75 हजार नकद रुपये बरामद करने में सफलता मिली है। इस बाबत एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव को लेकर नकद पैसे के लेनदेन और परिवहन पर पुलिस की कड़ी नजर है। 50 हजार से अधिक रुपये ले जाने पर पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।**

# महिला हिंसा, रंगदारी, भू माफिया और जमीन कब्जे की जानकारी दें: हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुमका में महिला टूरिस्ट से सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों के लिए बनाये जानेवाले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का ड्राफ्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार से पिछले एक माह के भीतर राज्य में महिला हिंसा, भू-माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा, रंगदारी आदि गंभीर अपराधों के संबंध में जानकारी मांगी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल निर्धारित की है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों के लिए बनाये जाने वाली एसओपी की ड्राफ्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि विदेशी पर्यटकों एवं आम लोगों की सुरक्षा के लिए दो हेल्पलाइन नंबर 112 एवं 181 बनाये गये हैं। 112 का ऐप भी है, जिसमें तुरंत सेवा पाने के लिए एसओएस बटन भी है। विदेशी पर्यटकों के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 गठित की गयी है। एसओपी में विदेशी पर्यटकों को अज्ञात जगह पर जाने के पहले झारखंड पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है। विदेशी पर्यटक अगर भारत 180 दिन से ज्यादा समय के लिए आते हैं तो उन्हें एफआरआरओ में रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। विदेशी पर्यटकों को झारखंड में प्रवेश करने के दौरान चेकनाका पर पुलिस को अपने संबंध में जानकारी दे दी होगी, ताकि पुलिस उन्हें कहा वे जा सकते हैं कहां नहीं, इस संबंध में मार्गदर्शन दे सकेगी। साथ ही उनके लिए उचित सुरक्षा भी मुहैया कराई जायेगी।बता दें कि इस मामले में पुलिस की एसआइटी ने पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, अन्य आरोपी भी पकड़े गये थे। पीड़ित महिला टूरिस्टर अपने पति के साथ दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित कुरुमाहाट पहुंची थी। करीब 8 आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। दंपती पाकिस्तान से बांग्लादेश फिर बंगाल के रास्ते नेपाल जाने के क्रम में दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगा कर रुके थे। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया था।




# 'फर्जी निवास-जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले अफसरों पर कार्रवाई करें'

### शिक्षा विभाग ने लिखा कार्मिक को पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ की जांच में झारखंड में बड़े पैमाने पर फर्जी डोमेसाइल निर्गत किये जाने के खुलासे के बाद अब झारखंड का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भी हरकत में है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इस बाबत झारखंड के कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग को पत्र लिखा गया है और सीबीआइ जांच रिपोर्ट, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि सैनिक स्कूल तिलैया में प्रवेश परीक्षा 2018 की प्रक्रियाओं में अनियमितता की शिकायत मिली है। यह बात सामने आयी है कि कई उम्मीदवारों ने झारखंड कोटे से प्रवेश लिया है जबकि वे झारखंड राज्य के नहीं थे। निदेशालय ने कहा कि इनके फर्जी अधिवास प्रमाण पत्र दर्ज है और ये सारे प्रमाण पत्र झारखंड के अधिकारियों के द्वारा निर्गत किये गये हैं। ऐसे में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार का पत्र का हवाला देते हुए निदेशालय ने कार्मिक विभाग को पत्र लिखा है और पूरे मामले में उचित कार्रवाई करने और इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किया जाये।

### क्या है मामला

दरअसल, सैनिक स्कूल तिलैया में 2018 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही अनियमिता की शिकायत आयी थी। पूरे मामले की सीबीआइ जांच का आदेश हुआ था। सीबीआइ ने अपनी रिपोर्ट रक्षा मंत्रालय भारत सरकार को भी दी। यह बात सामने आयी कि बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और डोमेसाइल बनाया गया और इसके आधार पर उन्होंने अपना नामांकन झारखंड कोटे से करा लिया। जबकि वे झारखंडी नहीं थे। ऐसे में परीक्षा में गड़बड़ी हुई और योग्य अभ्यर्थी नामांकन से वंचित रह गये। पूरे मामले को रक्षा मंत्रालय ने गंभीरता से लिया और झारखंड के मुख्य सचिव को दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.8 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.39 बजे |



# मैं जज नहीं हूं, लेकिन ढुल्लू महतो को सजा सुनानेवाले तो जज हैं: सरयू राय

**जमशेदपुर में बाबूलाल मरांडी पर किया पलटवार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि वह जज नहीं हैं, लेकिन चार मामलों में ढुल्लू महतो को सजा सुनानेवाले तो जज हैं या इसमें भी कोई संदेह है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा यह कहे जाने पर कि सरयू राय जज नहीं हैं, निर्दलीय विधायक ने मंगलवार को जमशेदपुर में मीडिया से बातचीत में यह पलटवार किया।

सरयू राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि एक अभियुक्त को यदि एक ही प्रकृति के अलग-अलग मामलों में सजा सुनायी जाती है, तो सभी सजाओं को मिला कर गिना जायेगा। इस हिसाब से ढुल्लू महतो को चार मामलों में कुल साढ़े चार साल की सजा सुनायी जा चुकी है। फिर भी भाजपा ने उन्हें धनबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है, तो यह वहां की जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो को टिकट दिये जाने का असर केवल धनबाद सीट पर ही नहीं, बल्कि दूसरी सीटों पर भी होगा। सरयू राय ने कहा कि भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी ने 'अबकी बार 400 पार' का जो नारा दिया है, वह यदि 399 भी हो जाये, तो कोई अंतर नहीं होगा।

उन्होंने ढुल्लू महतो के प्रति बाबूलाल मरांडी के नजरिये को गलत करार दिया। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट ने इडी से ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच करने को कहा था। इडी ने इस मामले में एक इसीआइआर भी दर्ज की थी, लेकिन उसका क्या हुआ, इस पर भी बाबूलाल मरांडी को कुछ बोलना चाहिए।

सरयू राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी गंभीर आरोप ढुल्लू महतो पर लगे हैं। जब हेमंत सोरेन सलाखों के पीछे जा सकते हैं, तो ढुल्लू महतो के मामले में नरमी क्यों बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में आवाज उठाने के बाद भी अब तक प्रिंस खान विदेश से नहीं लाया जा सका है। यह केंद्र सरकार की विफलता है। वह विदेश से अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिला रहा है। भारत सरकार को इस पर पहल करते हुए उसे तत्काल स्वदेश लाना चाहिए। उन्होंने ढुल्लू महतो और प्रिंस खान के बीच रिश्तों के जांच करने की भी चुनाव आयोग से मांग की।

**नाराजगी : राजधानी यादव की नहीं बनी बात**

# भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बोले, नहीं बदले जायेंगे उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता और चतरा लोकसभा के प्रभारी राजधानी यादव और उनके समर्थकों की नाराजगी को देखते हुए प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राजधानी यादव के साथ बैठक की और उन्हें समझाया। बैठक खत्म होने के बाद मीडिया से बात करते हुए लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि फिलहाल हम लोगों का पूरा फोकस 14 में 14 लोकसभा सीट एनडीए कैसे जीते, इसी पर लगा हुआ है। कहीं से किसी की कोई नाराजगी नहीं है। सभी बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता हैं और सभी एक-दूसरे के लिए लगे हुए हैं। इधर राजधानी यादव ने कहा कि उन्हें प्रदेश प्रभारी और संगठन मंत्री से आश्वासन मिला है। उन्हें उम्मीद है कि उनके साथ न्याय होगा। जब उनसे पूछा गया कि प्रदेश प्रभारी ने उम्मीदवार नहीं बदलने की बात कही है तो क्या आप निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे? इसका जवाब देते हुए राजधानी यादव ने कहा कि वह पिछले 40 साल से बीजेपी में हैं और आगे भी रहेंगे। लेकिन उन्हें पूरी उम्मीद है कि पार्टी उन्हें सम्मान देगी।

**राजधानी यादव के समर्थन में लगे नारे :** रांची स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक हो रही थी। इस बैठक में एनडीए के लगभग सभी बड़े नेता और भाजपा के प्रत्याशियों के साथ-साथ विधायक मौजूद थे। एक तरफ बैठक चल रही थी, वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर बीजेपी नेता और चतरा लोकसभा के प्रभारी राजधानी यादव के समर्थक नारेबाजी कर रहे थे। वह लगातार राजधानी यादव जिंदाबाद का नारा लगाते हुए यह कह रहे थे कि चतरा लोकसभा सीट से राजधानी यादव भी बेहतर उम्मीदवार हो सकते हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे. वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **वृष** — विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।
- **मिथुन** — अनेक रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **कर्क** — शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।
- **सिंह** — आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा,आर्थिक लाभ,घर में खुशी का वातावरण।
- **कन्या** — अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी.अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।
- **तुला** — नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** — सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।
- **मकर** — मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।
- **कुंभ** — आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं।
- **मीन** — आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, परिवार में नये मेहमान का आगमन होगा।

**भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी के बयान पर जेएमएम ने साधा निशाना**

# भाजपा ही भ्रष्टाचार की जननी: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज बीजेपी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में बीजेपी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का ये कहना कि इस बार का लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचारियों के खिलाफ होगा। ये अपने आप में एक बहुत बड़ा झूठ है। उन्होंने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि लक्ष्मीकांत वाजपेयी को शायद नहीं पता कि भारतीय जनता पार्टी ही भ्रष्टाचार की जननी है।

### पीएम ने किया लोकतंत्र का अपमान

सुप्रियो भट्टाचार्य ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायरल फोटो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से आदिवासी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और आडवाणी के सामने खड़े दिख रही हैं, यह उनके पद का और लोकतंत्र का अपमान है। भारत रत्न का सम्मान लेने के लिए जब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे आ सकते हैं, तो फिर लालकृष्ण आडवाणी के घर से भी किसी को क्यों नहीं बुला कर भारत रत्न का सम्मान दिया गया। उनके घर पर राष्ट्रपति को क्यों भेजा गया। इस पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेने की जरूरत है। कहा कि भाजपा ने अपनी पार्टी के नेता को बचाने को लिए एक गरिमामय पद दे कर उन्हें राज्य से बाहर भेज दिया, ताकि उन पर इडी, सीबीआइ या आयकर विभाग हाथ ना डाल सके।

### हेमंत सोरेन आदिवासी इसीलिए किया जा रहा परेशान

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी है, इसलिए आज जेल में बंद है। इसका मतलब ये है कि जिसके खिलाफ सबूत नहीं है वो (हेमंत सोरेन) जेल में बंद है और जिसके खिलाफ पर्याप्त सबूत है वह राजभवन में बैठे हुए हैं। हेमंत सोरेन आदिवासी हैं इसीलिए उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कहा कि जिस पीएमएलए कोर्ट में आरोप साबित किया जाता है। वहां इडी के अधिकारी चुप रहते हैं और जहां बोलने की आवश्यकता नहीं है वहां पर बेवजह के आरोप लगाने का काम किया जा रहा है।

### गिरिनाथ सिंह के राजद में शामिल होने से गठबंधन होगा मजबूत

उन्होंने पूर्व मंत्री व बीजेपी के नेता गिरिनाथ सिंह के फिर से राजद में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि गिरिनाथ सिंह पलामू, चतरा और लातेहार क्षेत्र के बड़े नेता हैं। उनके इंडिया गठबंधन में आने से इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि अभी आगे आगे देखिये, अभी और भी कई नेता बीजेपी छोड़ कर इंडिया गठबंधन में शामिल होंगे।

**सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर भाजपा का पलटवार**

# झामुमो बताये, भ्रष्टाचार, ट्रांसफर और पोस्टिंग छोड़कर तीसरा कौन सा काम किया : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष में देश की दिशा और दशा बदल गयी। 10 वर्ष पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। आज भारत पांचवा नंबर पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान तक पहुंचाने का लक्ष्य है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि 500 वर्षों के बाद कांग्रेस के पुरजोर विरोध के बावजूद मोदी जी के कार्यकाल में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। कश्मीर से 370, 35 ए, ट्रिपल तलाक हटाना यह सब बड़ी उपलब्धि थी। कहा कि पिछले 10 वर्ष में उज्ज्वला योजना ने बहनों के आंखों से आंसू को पोछा। पीएम योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। आवास योजना ने चार करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराया। आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब को भी बेहतर अस्पताल में इलाज कराने की सुविधा मिली। जन धन योजना के अंतर्गत आदिम जनजातियों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए 24000 करोड़ का बजट का प्रावधान हुआ। अपने देश में 200 करोड़ कोरोना के वैक्सीन के टीके लोगों को मुफ्त लगवाया गया, बल्कि 100 से ज्यादा देशों में स्वदेशी टीके भेजे गये। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11 करोड़ किसानों को 2.6 लाख करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध करायी गयी। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इसके उलट हेमंत सरकार पार्ट वन और पार्ट 2 सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार के कारण देश में जानी गयी। 70,000 करोड़ का घपला, घोटाले का आरोप लगा। देश के इतिहास में पहली बार एक मुख्यमंत्री 40 घंटे तक फरार रहा। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार और ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए जानी जाती है। चुनौती देते हुए कहा कि वह अपनी सरकार के 'शोहरत' की कोई तीसरी वजह बता दें। उपलब्धियां इनके खाते में शून्य है।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन निर्दोष हैं, तो पिछले दो महीना से इन्होंने अपने बेल के लिए किसी न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया? सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा के सार्वजनिक मंचों में एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल डालकर बोलने से जनता प्रभावित नहीं होगी । अगर वे निर्दोष हैं, तो इनको अभी तक किसी अदालत से प्रारंभिक राहत भी क्यों नहीं मिली?

### नैतिकता की बात करना बेमानी

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आज गठबंधन में उसी कांग्रेस के साथ है, जिसने देश के राष्ट्रपति पद पर पहली बार आसीन होने जा रही एक आदिवासी बेटी को शैतानी सोच का प्रतिनिधित्व करने वाली बताया था। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कुछ दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति भवन पर भी समय नहीं देने को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी।

**ड्रग्स बिक्री मामले में हाइकोर्ट ने लिया लिया स्वतः संज्ञान**

# एसएसपी को नशा बेचनेवालों को दबोचने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा है कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करनेवाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं उन्हें चिह्नित किया जाये और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? शहर के कई शैक्षणिक संस्थान के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दरअसल, कोर्ट के संज्ञान में यह बात आयी कि राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ड्रग्स जिसमें ब्राउन शुगर, गांजा आदि शामिल हैं, का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते दिनों 16 मार्च, 19 मार्च, 21 मार्च को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा आदि की बिक्री करनेवालों की गिरफ्तारी की गयी। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में भी ड्रग्स का यह कारोबार चल रहा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लिया है।

# उल्लंघन करनेवालों का ड्राइविंग लाइसेंस क्यों नहीं निलंबित किया जाता : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में बुधवार को ट्रैफिक एसपी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा कि रांची में ट्रैकिंग व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो पा रही है? दिन भर शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है। कई ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों हैं? सुजाता चौक, कोकर और अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरेज पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गयी? लगातार ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस क्यों नहीं निलंबित किया जाता है? रांची शहर में आम नागरिकों को समय-समय पर ट्रैफिक रूल की जानकारी क्यों नहीं दी जाती है? इसपर रांची निगम की ओर से बताया गया कि पहले की तुलना में ट्रैफिक व्यवस्था में कई सुधार हुए हैं। ट्रैफिक रूल का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना के रूप में 1000 रुपये वसूला जाता है। रांची शहर में फ्लाइ ओवर निर्माण के कारण जाम की समस्या बनती है। कांटाटोली फ्लाइ ओवर का निर्माण वर्ष 2024 के दिसंबर माह में पूरा होने की उम्मीद है। इससे जाम से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों द्वारा सड़कों का अतिक्रमण किये जाने से जाम की समस्या अत्यधिक होती है। कोर्ट ने रांची नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए ट्रैफिक एसपी को अदालत में तलब किया।

**कांग्रेस या जेएमएम में जाने के सवाल पर राज पालिवार बोले**

# मैं भाजपा का सिपाही हूं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राज पालिवार को लेकर पिछले कई दिनों से यह चर्चा थी कि वह कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। इसी बीच 2 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक में शामिल होने राज पालिवार पहुंचे। जब उनसे कांग्रेस या जेएमएम में जाने का सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह भाजपा के सिपाही हैं और यही वजह है कि आज भी वह बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। जब उनसे पूछा गया कि सोशल मीडिया पर आपके और गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के बीच तकरार दिखती है। तब उन्होंने कहा कि होली के माहौल में यह सब कुछ हुआ है। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं, तब उन्होंने इस पर कोई जवाब नहीं दिया।

### पवन खेड़ा ने कही थी ये बात

जिस दिन मांडू से भाजपा के विधायक जेपी पटेल ने कांग्रेस का दामन थामा था। उसी दिन कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राज पालिवार के भी भाजपा में शामिल होने की सूचना दी थी। लेकिन उसके बाद राज पालिवार ने न सिर्फ इसका खंडन किया बल्कि पवन खेड़ा को नोटिस भी भेज दिया था। उसके बाद चर्चा यह भी शुरू हो गयी की राज पालिवार झामुमो का दामन थाम कर गोड्डा लोकसभा का चुनाव निशिकांत दुबे के खिलाफ लड़ सकते हैं।

**चुनाव ड्यूटी से बचने की फिराक में कर्मचारी-अफसर**

# हुजूर! मुझे बीपी-शुगर की बीमारी...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची जिला के जिन सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगी है, वह इससे बचने के जुगाड़ लगाने में लग गये हैं। कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए अपनी बीमारियों का हवाला देते नजर आ रहे हैं। रांची जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए करीब 13 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया है। लेकिन चुनाव ड्यूटी में लगाये जाने के बाद कई कर्मचारी और पदाधिकारी अपनी बीमारी का हवाला देकर चुनावी कार्य से दूर होने की गुहार लगा रहे हैं। इसके लिए रांची डीसी को भी कई आवेदन दिये गये हैं। कर्मचारियों का आवेदन मिलने के बाद रांची डीसी राहुल सिन्हा ने मेडिकल बोर्ड गठित कर सभी आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। मेडिकल बोर्ड इस बात की जांच करेगा कि जिन कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने चुनावी कार्य से दूर रहने के लिए बीमारी का हवाला दिया है। वह वास्तव में बीमार हैं या नहीं, कई लोगों ने सिर्फ इसलिए चुनावी कार्य से दूर रखने का आवेदन दिया है क्योंकि उन्हें बीपी और शुगर की शिकायत है। रांची के सिविल सर्जन के मुताबिक, अब तक लगभग 400 से ज्यादा कर्मियों ने अलग-अलग बीमारियों का हवाला देकर आवेदन दिया है। लेकिन मेडिकल बोर्ड के समक्ष अब तक सिर्फ दो दर्जन कर्मी ही अपनी बीमारी और उसकी जांच से संबंधित डॉक्टर की पर्ची लेकर पहुंचे हैं।

दरअसल चुनाव के दौरान सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति दूर-दराज के इलाकों और संवेदनशील इलाकों में भी की जाती है। कई बार चुनाव कार्य में लगे लोगों पर गोलीबारी या फिर चुनाव कार्य में लगे लोगों के साथ दुर्घटना की भी सूचना मिलती है, इसलिए सरकारी अफसर चुनाव कार्य में ड्यूटी देने से बचना चाहते हैं।

# दुष्कर्म का विरोध करने पर मौसेरे भाई ने कर दी बहन की हत्या

गोड्डा (आजाद सिपाही)। जिले की बसंतसराय थाना पुलिस ने एक युवती की हत्या के मामले का उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी मृतका का मौसेरा भाई है। जो अपने दोस्त के साथ मौसी के घर पहुंचा था। दोनों ने खाना-पीना खाकर पार्टी मनायी। देर रात बहन को बहला-फुसला कर घर के बाहर खलिहान की तरफ ले गये और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध किये जाने पर दोनों ने मिल कर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। शव को छिपाने की नीयत से खलिहान में पुआल से ढंक कर दोनों मौसी घर में सो गये, ताकि किसी को पता नहीं चल सके और सुबह दोनों घर से भाग निकले। पुलिस ने मृतिका के मौसेरा भाई और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतिका का भाई सुमित कुमार उर्फ सन्नी कुमार और उसका दोस्त नितिश कुमार के नाम शामिल हैं। दोनों आरोपी बिहार के भागलपुर जिले के गोरडीहा थाना क्षेत्र के रहनेवाला है। पुलिस के अनुसार 31 मार्च को बसंतराय थाना क्षेत्र के गोरगामा गांव से एक लड़की का शव खलिहान में छिपा कर रखे हालत में बरामद किया गया। इस संदर्भ में मृतिका के पिता बोंगी मंडल के फर्दबयान के आधार पर बसंतराय थाना (कांड संख्या-19/24) हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं मामले के उद्भेदन के लिए गोड्डा एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया। एसआइटी की टीम अनुसंधान करते हुए तकनीकी सहयोग से नितिश कुमार और सुमित कुमार उर्फ सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ने अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में अपनी-अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

# पहाड़िया लड़की के साथ गोड्डा में गैंगरेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेला देख कर लौट रही थी किशोरी छह दरिंदों ने दिया घटना को अंजाम**

**गोड्डा।** सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में गैंगरेप का मामला सामने आया है। पहाड़िया लड़की के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि छह लड़कों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर कहा जा रहा है कि पीड़िता गांव के पास ही लगे मेले को देखने गयी थी। वहां से मेला देखकर लौट रही किशोरी के साथ इसी दौरान युवकों ने दुष्कर्म किया। गैंगरेप के बाद पीड़िता की हालत गंभीर है।

### पीड़िता का मेडिकल कराया गया

इस घटना के दूसरे दिन मामले की जानकारी ग्रामीणों को हुई। इसके बाद दो ग्रामीणों ने तुरंत सुंदरपहाड़ी थाना को मामले से अवगत कराया। ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर केस दर्ज करते हुए मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा।





आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in



## डीएसपी शिवेंद्र को आइपीएस बनाने का रास्ता साफ

# हाइकोर्ट ने सेवा संपुष्ट करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी के द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा हाइकोर्ट में दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि शिवेंद्र की सेवा छह सप्ताह के अंदर संपुष्ट करते हुए उन्हें सभी तरह का लाभ प्रदान करें। उन्होंने अपनी याचिका में गुहार लगायी थी कि जेपीएससी द्वितीय बैच के सभी अधिकारियों की सेवा संपुष्ट हो गयी है, लेकिन उनकी सेवा संपुष्ट नहीं की गयी है। शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी। शिवेंद्र के अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वर्ष 2008 में शिवेंद्र डीएसपी बने थे।

## छुन्नू सिंह अध्यक्ष और संतोष कार्यकारी अध्यक्ष बने




रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल कडरू में छुन्नु सिंह की अध्यक्षता में बैठक दो अप्रैल को हुई। इसमें सर्वसम्मति से छुन्नु सिंह को अध्यक्ष और संतोष कुमार सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया । उपाध्यक्ष के रूप में सतीश कुमार सिंह, उदय कुमार बर्मन, महासचिव सुनील कुमार सेठी, शन्नी कुमार, सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह, अतुल कुमार दुबे, राजीव रंजन सिंह, विक्की सोनी, सुरज कुमार सिंह, सुमित कुमार, अंकित राज, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष आर्यन वर्मा सहित 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये।

# रांची, जमशेदपुर, आदित्यपुर में करोड़ों का बिजली बिल बकाया

## रांची एसएसपी कार्यालय का बिल 5.24 लाख

### जल्द वसूली के मूड में जेबीवीएनएल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से हर महीने बिजली चोरी और अधिक बकाये के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। इसमें बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। वहीं, औसतन हर छह महीने में जेबीवीएनएल की ओर से अधिक बिजली बिल बकायेदारों की सूची तैयार कर नोटिस भेजा जाता है। इसमें सरकारी कार्यालय से लेकर निजी उद्योग और अन्य कंपनियां भी शामिल होती है। इसी क्रम में पिछले दिनों जमशेदपुर, कोल्हान, रांची में भी ऐसे बकायेदारों की सूची तैयार कर नोटिस भेजी गयी। हालांकि अलग-अलग आपूर्ति कार्यालय की ओर से इन दफ्तरों को अलग-अलग समय पर बिजली बिल जमा करने का आग्रह किया गया है। वहीं, किस्त में भी बिजली बिल भुगतान की जानकारी दी गयी है। तीन जिलों के आंकड़ों की मानें तो निगम को यहां से करोड़ों की राजस्व वसूली होगी। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो सिर्फ राजधानी में कई ऐसे सरकारी कार्यालय है जहां बिजली बिल करोड़ों में है। इसमें कुछ धार्मिक स्थल भी शमिल हैं। इसमें सबसे अधिक बिजली बिल बकाया रांची एसएसपी कार्यालय 5 लाख 24 हजार रुपये है।



### लुइस मरांडी के आवास का बिल 15 लाख

पूर्व मंत्री लुइस मरांडी के आवास का बिल 15 लाख, आड्रे हाउस का 52 लाख, रांची नगर निगम का 30 लाख बिजली बिल बकाया है। कांके स्थित कृषि भवन, आइएएस पूजा सिंघल आवास समेत अन्य कार्यालयों और सरकारी आवासों का बकाया करोड़ों में है। वहीं, जमशेदपुर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों से बिजली बिल वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। इसमें जमशेदपुर, आदित्यपुर, कोल्हान क्षेत्र शामिल है। जहां के सरकारी कार्यालयों में कुल 81 करोड़ रुपये बकाया है। सिर्फ आदित्यपुर विद्युत अवर प्रमंडल के अधीन आनेवाले सरकारी विभागों और बड़े उद्योगों पर ही करीब सात करोड़ से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसमें नगर निगम, पीएचडी, जेआरडीसीएसल और जियाडा जैसे सरकारी विभाग शामिल हैं। आदित्यपुर के सरकारी विभागों के पास एचटी और एलटी कनेक्शन मिलाकर करीब सात करोड़ का बकाया है। आपूर्ति कार्यालयों की मानें, तो एकमुश्त बिल का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो उनके लिए किश्तवार बिल भुगतान करने की भी व्यवस्था है। वे इसका भी लाभ ले सकते हैं। यदि समय रहते उनके द्वारा बकाया बिल का भुगतान नहीं किया गया, तो उनका कनेक्शन काटा जायेगा।

# कोयला संसाधनों में सीएमपीडीआइ ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

### वित्त वर्ष 2023-24 में सीएमपीडीआइ की उपलब्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ ने 18 भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के माध्यम से विस्तृत गन्वेषण द्वारा मेजर्ड श्रेणी में लगभग 12 बिलियन टन और 13 भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के जरिये प्रमोशनल एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम/एनएमइटी फंडिंग के माध्यम से इंडीकेटेड और इंफर्ड श्रेणी में लगभग आठ बिलियन टन कोयला संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके अलावा, सीएमपीडीआइ ने वित्त वर्ष 2023-24 में बाक्साइट रीजनल गन्वेषण के लिए 2 भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसमें संभावित रूप से लगभग 1.66 मिलियन टन एल्युमीनियम लेटराइट और लगभग 21 मिलियन टन बाक्साइट को इन्वेंट्री में जोड़ा गया है। सीएमपीडीआइ ने एमओयू लक्ष्य 7 लाख 50 हजार मीटर की तुलना में लगभग 8 लाख 63 हजार मीटर ड्रिलिंग की है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभागीय संसाधनों के माध्यम से 190 लाइन किलोमीटर के एमओयू लक्ष्य के मुकाबले 205 लाइन किलो मीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे किया गया है। इसके अलावा एनएमइटी ने सीएमपीडीआइ द्वारा प्रस्तावित लगभग 80 करोड़ रुपये लागत वाली 27 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिसमें कोयले के लिए 23 परियोजनाएं, बाक्साइट के लिए तीन परियोजनाएं और बेस मेटल (तांबा, शीशा और जस्ता) के लिए एक परियोजना शामिल है। प्रति वर्ष लगभग 129 मिलियन टन की क्षमता वृद्धि के साथ कुल 40 परियोजना रिपोर्ट की योजना बनायी गयी है। सीएमपीडीआइ ने टीसीआइएल के सहयोग से कोयला खनन में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क की तैनाती में महत्वपूर्ण निभायी है। सीएमपीडीआइ ने एनसीएल की अमलोहरी ओपनकास्ट परियोजना में भारत का पहला निजी 5जी नेटवर्क सफलतापूर्वक तैनात किया है। नयी दिल्ली में 27 से 29 अक्टूबर 2023 को आयोजित भारतीय मोबाइल कांग्रेस में एनसीएल की अमलोहरी कोयला खदानों में 5जी टेक्नोलाजी उपयोग मामलों का सफल जीवंत प्रदर्शन भी किया गया।

# श्रीराम भक्तों ने बजरंग बली मंदिर में किया झंडा का पूजन

### दूसरी मंगलवारी पर श्री महावीर मंडल रांची ने सभी अखाड़ाधारियों का किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में मंगलवार को श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा सहित मंडल के पदाधिकारियों के सानिध्य में दूसरी मंगलवारी को श्री बजरंगबली की ध्वजा का पूजन कर भगवान को भोग लगाया गया। हनुमान ध्वजा श्री महावीर मंडल के कार्यालय में पदाधिकारियों ने लगाया। महावीर चौक पर अखाड़ाधारियों, झंडाधारियों सहित काफी संख्या में श्रीराम भक्त गाजे बाजे व ढोल नगाड़ों के संग अस्त्र शस्त्र के साथ पहुंचे। महावीर चौक पर श्री चैती दुर्गा भूतहा तालाब, लेक रोड, प्यादा टोली से आने वाले झंडाधारियों व अखाड़ाधारियों का भव्य स्वागत अभिनंदन श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री बालाजी महाराज का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, राज किशोर, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, प्रेमचंद चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, अंकेक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता मौजूद थे। यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।



# रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर बड़ा तालाब प्रांगण में हनुमान जी की विधि विधान के साथ पूजा की गयी। पूजा अर्चना की शुरुआत श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा और श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह के द्वारा की गयी। पूजा अर्चना के बाद सभी राम भक्तो के बीच प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। श्री मिश्रा ने सभी रामभक्तों से महोत्सव 2024 की तैयारी जोरों से करने का आह्वान किया। द्वितीय मंगलवारी के उपलक्ष्य में समिति के अध्यक्ष रमेश केडिया, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, इंदर सिंह, राजीव सिंह, संजय मिश्रा, हरिहर मिश्रा, अविनाश आनंद, मनीष सिन्हा शामिल थे।



# बजरंगबली के जयकारे से श्याम मंदिर गूंज उठा



**रांची (आजाद सिपाही)।** खाटूनरेश की आराधना के साथ ही हनुमानजी की अरदास के लिए सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सुनील मोदी, आशा मोदी के परिवार ने हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग अर्पित किया गया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न करवाया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा और अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश वंदना और श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। भक्तों के आग्रह पर पाठ के बीच-बीच में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकार से पूरा श्याम मंदिर गूंज रहा था । पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा प्रसाद श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद, प्रत्यूष अग्रवाल ने फल और मुकेश मित्तल ने गिरी गोला की सेवा निवेदित की। श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर से शुरू हुए हनुमान चालीसा पाठ में भक्तजन भाव विभोर होकर हनुमानजी की आराधना में लीन रहे। महाआरती करके सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, पवन केडिया, रतन शर्मा, प्रकाश मोदी समेत अन्य उपस्थित थे।

# केंद्रीय समिति का गठन सभी शिव मंडा पूजा समिति को मिलाकर होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया के तत्वावधान में केंद्रीय शिव मंडा पूजा समिति की प्रथम बैठक चुटिया स्थित सुशीला पैलेस में समिति के संरक्षक रामलखन महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि केंद्रीय समिति का गठन झारखंड के सभी शिव मंडा पूजा समिति को मिलाकर किया जायेगा। इसकी अगली बैठक आगामी 7 अप्रैल को लोअर चुटिया में होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया के अध्यक्ष राजकुमार महतो, रवि गोप, उदय कुमार, भोला केसरी, पिठोरिया से जीतेंद्र साहू, सरवन गोप, दिवाकर प्रसाद, अरविंद सवांसी, मुनेश्वर साहू, नरेंद्र प्रसाद साहू, प्रमोद गोप, चुन्नू गोप, रणजीत राम, धनंजय सिंह, तपन कुमार महतो, रामदेव लोहरा, नवीन महतो उपस्थित हुए।



# सोहराय पेंटिंग का गुर सीखेंगी महिलाएं




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वीर बुधु भवन हरमु रांची में सेल आरडीसीआइएस रांची द्वारा प्रायोजित और स्तंभ ट्रस्ट द्वारा आयोजित सोहराय पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के एसजे जाचक, उज्ज्वल भास्कर, डॉ सुमन कांत ठाकुर, राहुल श्रीवास्तव, निखिल उरांव ने किया। इस प्रशिक्षण में 15 महिलाओं को 60 दिनों तक सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण स्तंभ ट्रस्ट द्वारा दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सेल के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत होगा क प्रशिक्षणोप्रांत महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की कोशिश की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान श्री जाचक ने कहा कि सेल इस तरह के प्रशिक्षण में अपना पूरा सहयोग देगा। संस्था की अध्यक्ष जयश्री देवी ने महिलाओं को पेंटिंग को गंभीरता से सीखने का अनुरोध किया। सचिव अवनी भूषण के अलावा संजय कुमार, सुनील भारती, स्वीटी गाड़ी, रानी कश्यप उपस्थित थे।

# दु:ख मनुष्य की संपत्ति है : आचार्य दीनानाथ शरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री जगतगुरु देवाचार्य मलुक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज के कृपापात्र शिष्य परम पूज्य आचार्य दीनानाथ शरण जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने आज तृतीय दिवस की भागवत कथा में कहा कि दुःख मनुष्य की संपत्ति है, यह कुंती की परिकल्पना है, कुंती भगवान से दुःख मांगती है, और बहु द्रौपदी और पोते अभिमन्यू के पत्नी उत्तरा को भी दुःख में भगवान के शरणागत होने की शिक्षा देती है। चीर हरण में द्रौपदी पांच महाबली पति से नहीं भगवान कृष्ण से सहारा मांगती हैं, तो उत्तरा भी कृष्ण का आह्वान करती हैं। जब गर्भ पर अश्वत्थामा ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करते हैं। गिरिडीह से आये आचार्य कन्हैया द्विवेदी के वैदिक मंत्रों से श्री राम जानकी मंदिर हाउसिंग कालोनी बरियातु क्षेत्र पवित्र हो रहा है। वहीं काशी के आचार्य अंबुज शुक्ल के श्री मद्भभागवत परायण पाठ से गुंजायमान हो रहा है। यह जानकारी पं रामदेव पांडेय ने दी।

# केंद्र सरकार आयकर और इडी को आगे कर कांग्रेस पार्टी को डराना चाहती है: राजेश ठाकुर

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार के खिलाफ रांची जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक रांची पर विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करने वाली तानाशाह सरकार है। इसकी दमनकारी नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं नगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपना रही है। आयकर और इडी को आगे कर कांग्रेस पार्टी को डराना चाहती है। परंतु जो पार्टी अंग्रेजों से लोहा ले चुकी है, वो कभी ना तो डरी है और ना डरेगी। हम अपनी पूरी ताकत से भाजपा से मुकाबला कर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और जनता के सहयोग से चुनाव जीतेंगे। रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिसने भी केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया है उसे असंवैधानिक तरीके से दबाया गया है। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि भाजपा से लोकतंत्र को खतरा है। केंद्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग के द्वारा कांग्रेस को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। परंतु हमारी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं और हमारे प्रत्याशी भारी मतों से विजयी होंगे। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य हिंदू न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गो सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, जवाहर लाल महत्था, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, मानस सिन्हा, अमरेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा, जगदीश साहू, अजय नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, निरंजन पासवान सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# रांची रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा की मुख्य उपस्थिति में मंडल कार्यालय के सभागृह में रांची रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर का स्थानांतरण मुख्यालय दक्षिण पूर्व रेलवे गार्डेन रीच कोलकाता में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर हुआ है। माणिक शंकर ने रांची रेल मंडल में 29/01/2020 को कार्यभार ग्रहण किया था। रांची मंडल में अपने कार्यकाल के दौरान माणिक शंकर ने मंडल के विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य किया है। मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माणिक शंकर कार्य के प्रति हमेशा सजग रहे एवं इन्हें जो भी कार्य दिया गया। उन्हें पूरी लगन एवं निष्ठा से निष्पादित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने माणिक शंकर की कड़ी मेहनत, समर्पण और रांची डिवीजन में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों की सराहना की। मिलनसार स्वभाव के धनी माणिक शंकर बहुत ही अनुशासित व्यक्ति है। विदाई समारोह के अवसर पर उपस्थित सभी शाखा अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीषा वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश साहू, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह एवं सभी शाखा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। माणिक शंकर के स्थान पर राजा ने रांची मंडल के नये वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।



## भारत के विकास में डिजिटाइजेशन की रणनीति को बढ़ावा दिया: स्कोडा ऑटो इंडिया

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कांपैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। नये युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरूआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा कि लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नये तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गयी है कि हमारे प्रोडक्ट्स और सर्विसेस उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। इसमें कंपनी ने भारत में अपने कार्यकाल के 24 वर्ष पूरा करने का जश्न मनाते हुए एक दिन या 24 घंटे में 709 स्कोडा कारों की बुकिंग की। हमने स्कोडा गियर हेड्स कम्युनिटी के माध्यम से स्कोडावर्स इंडिया एनएफटी को और विस्तार दिया है। इसके साथ हम बड़े और विविधता से भरपूर मार्केट में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर नयी पहल की है और नयी रणनीति को अपना रहे हैं। इस डिजिटल एप को लांच करने का उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

## झारखंड मैथिली मंच की आमसभा 12 को

रांची (आजाद सिपाही। हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच दलान पर हुई कार्यकारणी की बैठक में तय किया गया कि 12 मई को नयी कार्यकारिणी गठन के लिए आम सभा बुलायी जायेगी। इसके पहले सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से कोषाध्यक्ष की ओर से पटल पर रखे गये पिछले दो वर्ष के आय और व्यय को अपनी स्वीकृति दे दी। इसके बाद महासचिव बीएन झा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## डीएसपीएमयू में साक्षात्कार तिथि स्थगित

रांची (आजाद सिपाही। आगामी ईएलएल और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में अध्यापन से संबंधित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण इन दोनों विभागों के लिये आयोजित किये जानेवाले दस्तावेज सत्यापन के साथ 6.4.2024 और 26.4.24, 27.4.24 के लिये निर्धारित साक्षात्कार अगली सूचना तक स्थगित किये जाते है। यह सूचना कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने दी।

## हनुमानजी की पताका लगायी गयी



रांची (आजाद सिपाही। कलश स्थापना के पूर्व मंगलवार को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रातू रोड के प्रांगण में स्वर्गीय किशोरी सिंह यादव अखाड़ा में हनुमान जी की पताका जय सिंह यादव के द्वारा लगाया गया तथा 251 लड्डू बांट कर रामनवमी के अखाड़े की विधवत शुरुवात की गयी। यह सिलसिला 1929 इसी तरह से चला आ रहा है। इस अवसर पर अशोक यादव, युवराज यादव गढ़वा, अजय वर्मा, रोशन लाल यादव, सुशांत पांडेय, गुड्डू वर्मा, विजय पंडित, ललित पोद्दार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एनटीपीसी परियोजन के निदेशक एस सुंदरम ने पीवीयूएनएल का किया दौरा



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएनएल प्लांट निर्माण के कार्य प्रगति को लेकर मंगलवार को एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) के एस सुंदरम और पीवीयूएनएल के अध्यक्ष शंभूनाथ त्रिपाठी प्रसेनजित पाल समेत कई अधिकारी पतरातू पहुंचे। अधिकारियों को पहुंचने पर पीवीयूएनएल के सीइओ आर के सिंह सहित कई अधिकारीयों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद एनटीपीसी के निदेशक ने कई अधिकारियों के साथ पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का दौरा किया। एनटीपीसी के निदेशक ने यहां चल रहे नये पावर प्रोजेक्ट के कार्यों का जायजा लिया पावर प्लांट स्थापित होने वाले स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। निर्माण स्थल के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद एनटीपीसी के निर्देशक के एस सुंदरम ने पीवीयूएनएल के वरीय पदाधिकारीयो के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पीवीयूएनएल अधिकारीयों से बातचीत के दौरान अब तक की प्लांट की प्रगति के कार्यों की जानकारी ली। इस मौके पर पीवीयूएनएल के विभिन्न विभागों के प्रमुख कर्मचारी और अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद थे।

# युवा आजसू 'वन विलेज टेन यूथ' के तहत कार्य करेगा



**युवा आजसू के राज्य संयोजकों की बैठक संपन्न**

**31 मई तक प्रखंड, पंचायत और ग्राम प्रभारी बनाने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित युवा आजसू के राज्य संयोजकों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 31 मई तक राज्य के सभी प्रखंड, पंचायत और ग्राम प्रभारियों का चयन करना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही युवाओं के बीच नेतृत्व क्षमता का विकास करना और संगठन के कार्यों एवं गतिविधियों को युवाओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

युवा आजसू का लक्ष्य राज्य के हर गांव में संगठन का विस्तार करना है इसके लिए युवा आजसू के ग्राम स्तर पर प्रभारियों का चयन किया जायेगा। युवा आजसू 'वन विलेज टेन यूथ' के तहत कार्य करेगा। इसके तहत हर गांव से कम से कम पांच पुरुष और पांच महिला युवा साथी को संगठन से जोड़ने का काम किया जायेगा।

इस बैठक में प्रत्येक 15 दिन में प्रदेश संयोजक द्वारा प्रखंड, पंचायत और ग्राम स्तर का निरीक्षण, कार्य योजना की प्रगति का मूल्यांकन और समस्याओं का समाधान करने का निर्णय लिया गया। युवा आजसू के सभी सदस्य जनसंग्रह-धनसंग्रह में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर गौतम सिंह, डॉ. लाल मनीष नाथ शाहदेव, अब्दुल जब्बार, गदाधर महतो, टिकैत महतो, रविंद्र नाथ ठाकुर, कृष्णा महतो, हीरालाल महतो, अमित कुमार, अमित महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिए युवाओं को तैयार करेगा युवा आजसू: अभिषेक

**युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा का डीएसपीएमयू के छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ देकर किया जोरदार स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के सदस्यों ने युवा आजसू के नवनियुक्त जिला सह प्रभारी अभिषेक झा का श्यामा प्रसाद मुखर्जी कैंपस में जोरदार स्वागत किया गया। विदित हो कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से ही अभिषेक झा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र नेता के रूप में की थी। अपने आठ सालों के कार्यकाल में उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मूलभूत सुविधाओं को सुधार करवाने में कई सफलता भी पायी। वह छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय छात्र नेता के रूप में भी जाने जाते है। उन्होने सभी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि युवा आजसू सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिये युवाओं को तैयार करेगा।

आगे उन्होंने कहा कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को रांची जैसे राजधानी में युवाओं को संगठित करने की बड़ी जिम्मेदारी देना सिर्फ और सिर्फ आजसू में ही संभव है। इसके लिये उन्होंने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में कैलाश महतो, ज्योति सोनी, हृदया, स्नेहा, प्रिया मिश्रा, रित्विक, मन्नू, मुकेश, किशोर, असफाख, सुधांशु, सुमीत महतो मौजूद थे।

# ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में राजनीतिक भागीदारी दें : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के पास अभी मौका है देश और झारखंड प्रदेश में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में राजनीतिक भागीदारी देने की है। झारखंड में कांग्रेस ओबीसी को चार लोकसभा, झामुमो दो और एक सीट राजद भी दें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहीं।



श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करता है कि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ओबीसी के जनसंख्या अनुपात में हक अधिकार की आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में कांग्रेस को मिली 7 सीटों में से ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 4 लोकसभा का टिकट मिले।

श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने एससी, एसटी व ओबीसी के हक अधिकार जनसंख्या अनुपात में मिलने की वकालत करते रहे हैं। अब मौका है राजनीतिक भागीदारी देने की है।

निर्दलीय विधायक सरयू राय के एक सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा वह घोर जातिवादी सामंतवादी और पिछड़ा विरोधी हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी उन्हें टिकट नहीं दे नहीं तो इसका मोर्चा विरोध करेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि वह दलित आदिवासी पिछड़ा के नेता अधिकारी ठेकेदार के पीछे पड़े होते हैं और उनका संपत्ति जांच की मांग करते हैं।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विधायक सरयू राय के वर्चुअल संपत्ति की जांच की मांग करता है। प्रेस वार्ता में मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के अलावे प्रदेश महासचिव अजय मेहता, उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह, दिलीप वर्मा, वसीम अकरम, शुभम विश्वकर्मा, महेंद्र शर्मा, गुड्डू कुमार आदि उपस्थित थे।

# नाबार्ड ने झारखंड के ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की

**नाबार्ड ने राज्य भर में 244 किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) को बढ़ावा दिया है। इससे लगभग दो लाख किसानों को लाभ होगा, आय में 25-30% की वृद्धि होगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत के शीर्ष ग्रामीण विकास वित्तीय संस्थान नाबार्ड ने झारखंड को रिकॉर्ड 6,20,000 लाख रुपये की विकास सहायता प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान झारखंड में ग्रामीण वित्तीय संस्थानों ने केवल 10,500 लाख रुपये के पुनर्वित्त का लाभ उठाया था। इसमें 40 गुना से अधिक की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 में झारखंड में बैंकों ने 2023-24 में 4,08,139 लाख रुपये की पुनर्वित्त का लाभ उठाया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और झारखंड राज्य सहकारी बैंक ने 2,89,600 लाख रुपये के बड़े हिस्से का लाभ उठाया। नाबार्ड ने सिंचाई, स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता, शिक्षा, संपर्क आदि के लिये ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य सरकार को सहायता प्रदान की है। 2023-24 के दौरान 1,87,044 लाख रुपये प्रदान किये गये। कुछ प्रमुख परियोजनाओं में चार मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं जो 1,03,278 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई क्षमता पैदा करेंगी। प्रति दिन कुल 2,50,000 लीटर की क्षमता वाले चार डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र, मयुराक्षी नदी पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन पुल और डिमना-मानगो सड़क-सह-पुल प्रमुख हैं। इसके अलावा नाबार्ड ने स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए राज्य सरकार को 25,000 लाख रुपये की सहायता की है। इससे 2,36,000 हेक्टेयर को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड ने 77 पेयजल परियोजनाओं के लिए सहायता की है। इससे राज्य के सभी 24 जिलों के लोगों को लाभ होगा। बाजार तक पहुंच प्रदान करने और इनपुट आपूर्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए नाबार्ड ने राज्य भर में 244 किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) को बढ़ावा दिया है। इससे लगभग दो लाख किसानों को लाभ होगा। उनकी आय में 25-30% की वृद्धि होगी। ई-कॉमर्स तक पहुंच प्रदान करने के लिये नाबार्ड ने 53 एफपीसी को प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां ग्रामीण आबादी को ऋण और अन्य सेवाएं प्रदान करती हैं। इन्हें मजबूत करने के लिए नाबार्ड ने 1500 पेक्स के संचालन को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का पहला चरण पूरा कर लिया है।

### शोध योगदान के लिए चाइल्ड वर्ल्ड की निर्देशिका गीतांजलि जाजू सम्मानित

# शिक्षा पाने के समय का कभी अंत नहीं होता: जाजू

**रांची रोड स्थित चाइल्डस वर्ल्ड स्कॉलर्स हाइस्कूल में विशेष सभा का किया गया आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित चाइल्डस वर्ल्ड स्कॉलर्स हाइ स्कूल में एक विशेष सभा विद्यार्थियों के अवकाश के बाद आयोजित की गयी। जिसमें विद्यालय परिवार के द्वारा निर्देशिका गीतांजलि जाजू को आइआइएम कलकत्ता द्वारा संचालित एजुकेशन लीडर्स प्रोग्राम में शोध हेतु झारखंड से एकमात्र एजुकेशन लीडर्स के रूप में उपस्थिति दर्ज करने वाली गीतांजलि जाजू को उनके योगदान के लिए कलकत्ता में आयोजित प्रमाण पत्र पुरस्कार सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इनके द्वारा दिये गये विचारों की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। अपने अनुभवों को साझा करते हुए निर्देशिका गीतांजलि जाजू ने कहा की ज्ञान, शिक्षा को पाने का समय कभी अंत नही हो सकता यह तो सागर की भांति है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए और रोजगार उत्पादित करने वाले लक्ष्य को पूर्ति करने हेतु उस दिशा में बच्चों का पठन-पाठन किस प्रकार से हो, सतत विकास का लक्ष्य को पूरा करने के लिए सुनियोजित ढंग से शिक्षण पद्धति को मजबूत आधार बनाते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास करना। जिससे वह शिक्षा को पाने के उपरांत विद्यार्थी सबल बन सकें। जिससे आने वाले वर्षों में भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर और विकसित देशों की श्रृंखला में अग्रणी रूप में खड़ा होगा।

**103 सदस्यों की बनी एक रिसर्च टीम:** इस निमित आइआइएमसी द्वारा संचालित एजुकेशन लीडर्स प्रोग्राम में 103 सदस्यों की एक रिसर्च टीम की टोली बनायी गयी थी। जिसमें विदेश के कतर, दुबई के कई चर्चित शिक्षण संस्थानों के निर्देशक, प्रोफेसर और भारत के कई शहरी क्षेत्र मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे बड़े क्षेत्र से विद्वत जनों का जमावड़ा हुआ। जिसमें झारखंड से एकमात्र गीतांजलि जाजू की उपस्थिति दर्ज हुई। अपने विषय के शोध अध्ययन की प्रस्तुति में बच्चों के सतत विकास, निजी विद्यालयों का शिक्षन क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने में योगदान, महिला सशक्तिकरण, के कई ठोस और सकारात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रदर्शित की गयी। जिसकी उक्त संस्था ने काफी सराहना की। शिक्षा क्षेत्र में शीर्ष नेतृत्व परिवर्तन और परिवर्तन के मोर्चे पर है। इसने स्कूलों और शैक्षणिक केंद्रों को 'उत्कृष्ट संस्थानों' में आकार देने के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में त्वरित बदलाव शुरू करने, प्रबंधन करने और निगरानी करने के लिए शिक्षकों और अकादमिक पेशेवरों पर ध्यान केंद्रित किया है।

## मेरे टिकट कटने पर कई लोग खुशी मना रहे थे, मैं भी इस खुशी में शामिल हूं : पीएन सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की राज्यस्तरीय पहली बैठक में धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह भी शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में पीएन सिंह ने कहा कि मुझे प्रत्याशी से वंचित रखा गया। इस पर कई लोग खुशी मना रहे थे। इस खुशी में मैं भी शामिल होकर खुशी मना रहा हूं। क्योंकि लगातार 29 वर्ष तक 1995 से लेकर 2024 तक तीन टर्म एमएलए और तीन टर्म एमपी के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। और इन सभी में हमने कृतिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी बहुत कुछ सोच समझ कर निर्णय लेती है। पार्टी को समझ में आयी की प्रत्याशी बदलनी चाहिए और पार्टी ने प्रत्याशी बदला। मैं इस निर्णय के साथ हूं। उन्होंने नाराजगी के सवाल पर कहा कि मैं ढुल्लू महतो के लिए क्षेत्र में काम करूंगा। टिकट नहीं मिलने की कसक के सवाल पर उन्होंने रामायण की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्री राम से जब माता सीता अलग हो गयी थी, तो भगवान श्री राम रो रहे थे, पेड़ से पूछ रहे थे, जानवर से पूछ रहे थे कि तुमने सीता को देखा है। हम मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम से ऊपर तो नहीं है। ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा से टिकट मिलने पर खुशी मना रहे थे, इस खुशी में मैं भी खुशी मना रहा हूं। उन्होंने कहा कि लगातार 29 वर्ष तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

# राजकीय अवकाश घोषित करने के लिए सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर प्रोजेक्ट भवन धुर्वा रांची में कला संस्कृति विभाग एवं कार्मिक विभाग के सचिव से मिले। सरहुल को धूमधाम से मनाने को लेकर दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने के लिये ज्ञापन सौंपा। फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पूजा महोत्सव तीन दिनों का होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 10 अप्रैल को उपवास और केकड़ा मछली पकड़ना, 11 अप्रैल को पूजा और सरहुल शोभायात्रा, 12 अप्रैल को फूलखोंसी कार्यक्रम होगा। सरहुल मनाने के लिये देश प्रदेश से लोग अपने गांव घर आते हैं। परंतु छुट्टी कम होने के कारण लोग ठीक ढंग से पर्व नहीं मना पाते। इसलिए सरकार से मांग है कि सरहुल में दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करें। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सहायक अंतु तिर्की, सोहन कच्छप, पंचम तिर्की, विनय उरांव और अन्य मौजूद थे।

## उमवि गोविंदपुर में वर्ग एक से सात की वार्षिक परीक्षा शुरू

मांडू (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मांडू, गोविंदपुर में मंगलवार से एक से सप्तम वर्ग के छात्रों की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गयी है। जिसमें प्रथम वर्ग से लेकर सप्तम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया। विद्यार्थी समय से पूर्व आकर अपने-अपने परीक्षा लिखें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा बच्चों का उज्जवल भविष्य सजाने और संवारने का काम करता है। परीक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास और निर्भीकता आती है। कश्यप ने कहा कि परीक्षा पूर्ण रूप से सदाचार मुक्त संपन्न हुआ। परीक्षा संचालन में शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हवन पूजन का आयोजन

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को हवन पूजन कर नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का आरंभ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद शामिल हुए। इस दौरान विधिवत रूप से पंडित मधुसूदन और विद्यालय के संस्कृताचार्य वेदप्रकाश पांडेय द्वारा पूजा अर्चना कर संपन्न कराया। वही विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या और भैया-बहनों ने सस्वर भक्तिपूर्ण वातावरण में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। इनके साथ विद्यालय की आचार्या ललिता गिरी, गायत्री कुमारी, ज्योति राजहंस, शुक्ला चौधरी,रेखा पाठक, अमृता चौधरी, ममता कुमारी, पूनम सिंह, कुमारी सुमन, मालविका, अंकिता रानी, रिंकी कुमारी, मिथलेश कुमार खन्ना, अमित कुमार झा, इंद्रजीत सिंह, शम्मी राज, शेखर कुमार, अमरदीप, दुर्गा प्रसाद महतो आदि सभी आचार्य-आचार्या ने भी हवन-पूजन में भाग लेकर मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी। उन्होंने नवीन सत्र में नवीन उत्साह एवं उमंग के साथ अध्ययन-अध्यापन का आवाहन किया। इसके साथ ही 03 अप्रैल से विधिवत कक्षाएं प्रारंभ होगी।

**PUBLIC NOTICE**

Stakeholders / Customers are hereby informed that the agreement between Abhavya Construction, Represented by Mr. Ajay Bhagat & My Choice Concrete / Sagun Trading Represented by Mr Rajeev Kumar Singh has been discontiued; accordingly My Choice Concrete / Sagun Trading would cease its operation w.e.f 18 April 2024.

Stakeholders / Customers are advised to kindly take note of this vacation notice as Abhavya Construction shall be not liable for claims and damages thereafter.

Sd./- Abhavya Construction
Authorised Signatory

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1720 Dated 28.03.2024 I Chhotelal Mahto S/O Meghu Mahto, aged about 28Yrs., by faith Hindu by profession cultivation, resident of Village and Panchayat-Badki Sidhabara, P.S. Chatrochatti, District- Bokaro (Jharkhand), Aadhar No. 5980 4895 3085 do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my nationality is Indian. 2. That, in my Aadhar Card No. 5980 4895 3085 and in my PAN Card No. FZHPM8043N my name is mentioned as Chhotelal Mahto but in my Bank Pass book of Bank of India, Gomia Branch vide A/C No.481118210001477 my name is wrongly mentioned as CHOTELAL KUMAR MAHTO in place of Chhotelal Mahto.3. That, Chhotelal Mahto as well as CHOTELAL KUMAR MAHTO is the same person i.e. myself. That, I am swearing this affidavit for correction of my name in the said Bank pass book as Chhotelal Mahto in place of CHOTELAL KUMAR MAHTO. That, the contents of this affidavit are true and correct, nothing has been concealed by me and if any contents found false or incorrect then I will be liable for the same.

# ग्रामीण क्षेत्र पर दबाव

वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी दिन आयी यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराये गये कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गयी, जो महामारी से पहले (2019-20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे। मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019-20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे। उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ, जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020-21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे-जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गयी, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जायेगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा, लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है, जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते। 2022-23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019-20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023-24 में यह अंतर बढ़ कर 40 करोड़ तक पहुंच गया। ध्यान रहे इस संख्या में संशोधन अपेक्षित है। इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आयेगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी। यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन यह वृद्धि अनस्किल्ड लेबर के सबसे कमजोर हिस्सों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आयी। अन्य क्षेत्रों से कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध न होने की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की श्रम शक्ति इसी योजना में खपाई जा रही है। आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन इसका स्वरूप अस्थायी होगा। ऐसे में तात्कालिक राहत मिल भी जाये तो उसे समस्या का हल नहीं माना जा सकता। जाहिर है, चुनावों के बाद नयी सरकार को इस मोर्चे पर ठोस और टिकाऊ नतीजे देने वाले सुविचारित कदम उठाने होंगे।

**आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इंडिया में शामिल दलों की जो स्थिति है, उसमें इसके ज्यादातर नेताओं या पार्टियों का प्रतिनिधित्व होना था और हुआ। ममता बनर्जी उपस्थित होतीं तो संदेश ज्यादा बेहतर जाता। नेताओं के भाषणों को देखें तो उनमें नये तत्व या पहलू तलाशना मुश्किल है। तथ्यों, तर्कों और प्रखरता के आलोक में भाषण ऐसे नहीं थे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को लेकर लोगों के अंदर गुस्सा और विद्रोह की भावना पैदा हो।**

# विपक्ष व सत्तारूढ़ घटक की रैलियों का उद्देश्य व सफलता

अवधेश कुमार




31 मार्च को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तथा चुनाव की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजग की पहली रैली मेरठ में हुई। हालांकि इस बार मेरठ रैली से ज्यादा प्रचार रामलीला मैदान का था क्योंकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पर आयकर विभाग द्वारा 3567 करोड़ की देनदारी का नोटिस मिलने के बाद यह पहली रैली थी। निश्चित रूप से चुनावी माहौल के कारण दोनों का महत्व था और संपूर्ण देश का ध्यान इन पर था। भाजपा और राजग की दृष्टि से देखें तो यह चुनाव की सामान्य रैली मानी जायेगी। जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोक दल का भाजपा के साथ गठबंधन है और वह इस रैली में मौजूद रहेंगे, इसे लेकर किसी को संदेह नहीं था। इसलिए रैली का आकर्षण तो था किंतु कौतूहल जैसा कुछ नहीं था। इसके समानांतर इंडिया की रैली को लेकर कौतूहल भी था तथा इसके नेताओं के लिए अभी तक का सबसे बड़ा अवसर भी माना जायेगा। कारण, विपक्ष जनता के बीच स्वयं को पीड़ित और दमित बता कर चुनाव में जा रहा है तथा उसका मूल स्वर यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार विपक्षी नेताओं और पार्टियों को खत्म करने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, जो देश में लोकतंत्र को खतरा है। इसलिए इसका नाम ही लोकतंत्र बचाओ रैली रख दिया गया। स्वाभाविक ही राजधानी दिल्ली से देश की जनता को अपनी बात प्रभावशाली ढंग से पहुंचाने तथा उनका समर्थन हासिल करने की संभावना पैदा करने का अभी तक का सबसे बड़ा अवसर था। अगर वह अपने कार्यकर्ताओं, कट्टर समर्थकों के अलावा कुछ समूहों को और प्रभावित कर पाते तो चुनाव में ताकत बढ़ाने की संभावना पैदा हो सकती थी। प्रश्न है कि क्या इस दृष्टि से इंडिया की रामलीला मैदान रैली वाकई सफल मानी जा सकती है? राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अभी तक ठोस जनाधार बना हुआ है। 70 में से 62 विधायक उसके हैं। इस कारण यहां अच्छी-खासी संख्या अपेक्षित ही थी। इसके साथ पंजाब में भी उनकी सरकार है और हरियाणा, राजस्थान से कांग्रेस के लोगों की उपस्थिति भी संभावित थी। अखिलेश यादव इसमें शामिल थे, इसलिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भी आना निश्चित था। यह तो नहीं कहा जा सकता कि संख्या दृष्टि से रैली कमजोर थी। संख्या ठीक-ठाक थी, किंतु इतनी तैयारी के बाद राजधानी दिल्ली में जिस तरह का जैन सैलाब दिखना चाहिए था, वैसा नहीं दिखा। अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तार होने के बाद से इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिल रहा है कि इतने विधायकों और पार्षदों वाली पार्टी का प्रचंड विरोध प्रदर्शन राजधानी में क्यों नहीं हो रहा?

**वास्तव में विपक्ष की रैली से कोई एक रूप, एक स्वर का संदेश नहीं निकल पाया।**

इंडिया में शामिल दलों की जो स्थिति है, उसमें इसके ज्यादातर नेताओं या पार्टियों का प्रतिनिधित्व होना था और हुआ। ममता बनर्जी उपस्थित होतीं तो संदेश ज्यादा बेहतर जाता। नेताओं के भाषणों को देखें तो उनमें नये तत्व या पहलू तलाशना मुश्किल है। तथ्यों, तर्कों और प्रखरता के आलोक में भाषण ऐसे नहीं थे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को लेकर लोगों के अंदर गुस्सा और विद्रोह की भावना पैदा हो। राहुल गांधी अगर 400 पार का नाम लेते हुए मैच फिक्सिंग की बात कर रहे थे, तो तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले से ही इवीएम सैट होगा, तभी 400 का नारा दिया जा रहा है। इसके द्वारा इंडिया के नेतागण क्या संदेश दे रहे थे? यह प्रकारांतर से चुनाव परिणाम के पूर्व ही अपनी पराजय को स्वीकार करने जैसा था। इसके अलावा ज्यादातर नेताओं का भाषण, लोकतंत्र खत्म हो गया है, इडी, सीबीआइ जैसी संस्थाओं के माध्यम से विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है, उनको जेलों में डाला जा रहा है, मीडिया को दबाव में ला दिया गया है आदि पर ही टिका हुआ था।

विडंबना देखिए कि लोकतंत्र के नाम पर आयोजित रैली का सबसे बड़ा फोकस अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की उपस्थिति हो गयी। जैसे ही समाचार आया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान मान सुनीता केजरीवाल को लेकर रामलीला मैदान पहुंच रहे हैं, पूरी मीडिया का ध्यान वहीं केंद्रित हो गया। सुनीता केजरीवाल ने अपने भाषण में बताया कि अरविंद केजरीवाल ने आपके लिए 6 गारंटियां दी हैं। ये गारंटियां वही हैं, जो पहले से जनता को क्या मुफ्त दिया जा सकता है, अरविंद केजरीवाल की ओर से अनेक बार बोला जा चुका है। महत्वपूर्ण बात यह थी कि सुनीता ने वहीं कह दिया कि हमने यह बोलने से पहले इंडिया के नेताओं से इस पर चर्चा नहीं की लेकिन उम्मीद है कि सभी इसका समर्थन करेंगे। यानी यहां भी अरविंद केजरीवाल ने इंडिया में स्वयं को सबसे अलग दृष्टिकोण और विचारों वाला नेता अपनी पत्नी के माध्यम से साबित करने की कोशिश की।

वास्तव में विपक्ष की रैली से कोई एक रूप, एक स्वर का संदेश नहीं निकल पाया। नेता एकत्रित जरूर हुए, उनका गुस्सा भी प्रकट हुआ और किसी तरह नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की भावना भी, लेकिन इसके अलावा कुछ नहीं। लोगों ने देखा है कि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया नामक गठबंधन नहीं है। केवल कुछ राज्यों में पार्टियों के बीच गठजोड़ है और कुछ में ये आपस में लड़ रहे हैं। जैसे पश्चिम बंगाल और केरल में इनके घटक एक-दूसरे के सामने हैं। अन्य जगह भी कई प्रकार के अंतर्संघर्ष व द्वंद्व हैं। इस रैली का कोई एक ऐसा नेता नहीं था, जिसका सभी एक स्वर में नाम लें और लगे कि उसके नेतृत्व में रैली से एकजुटता का स्वर निकला है। यहां तक कि रैली में सुनीता केजरीवाल शामिल होंगी, इसकी जानकारी भी दूसरी पार्टी के ज्यादातर नेताओं को पहले से नहीं थी। ऐसा होता तो मंच से इसकी घोषणा की जाती।

शायद आम आदमी पार्टी या फिर कई अन्य पार्टियों और नेताओं को यह उम्मीद रही होगी कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन तथा सुनीता को मंच पर लाकर लोगों की सहानुभूति बटोरी जा सकती है। किंतु इसका दूसरा संदेश यह भी निकल रहा था कि आखिर इन नेताओं के जेल में जाने के बाद पार्टी के दूसरे पुरुष या महिला नेता इनकी आवाज बनकर क्यों नहीं आ रहे? क्या पार्टी में भी परिवार की ही आवाज इन नेताओं का प्रतिनिधित्व करेगी? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर इंडिया के लिए देना आसान नहीं रहेगा। आम आदमी पार्टी की ओर से भगवंत मान ने भी अपनी बातें रखीं, पर वह वहां अरविंद केजरीवाल के प्रतिनिधि या पार्टी के भावी नेता के रूप में नहीं दिख रहे थे। दूसरी ओर मेरठ का विश्लेषण करें तो वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग के सभी घटक दलों के बीच विचार, वक्तव्य और व्यवहारों में एकरूपता स्पष्ट दिखायी दे रही थी। किसी का कोई अलग स्वर नहीं था।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई को सही ठहराते हुए यही कहा कि यह जारी रहेगी और इसके नाम पर जो दल इकट्ठे हो रहे हैं, उनके दबाव में सरकार नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार खत्म करेंगे और वह कहते हैं कि हम सरकार को हटाएंगे। दूसरे, उन्होंने लोगों को बताया कि हम अगले 5 वर्षों के लिए सरकार का एजेंडा तैयार कर रहे हैं और परिणामों के बाद नई सरकार गठन होते ही 100 दिनों की कार्ययोजना पहले से तैयार कर ली गयी है। इस तरह का आत्मविश्वास प्रकट करके जनता को बताया गया कि हम केवल देश के लिए ही सोचते हैं और जिनके स्वार्थ पर आघात पहुंचा है, जिनके भ्रष्टाचार सामने लाकर कार्रवाई हुई है, वही सब हमारी या हमारी सरकार का विरोध कर रहे हैं। इसके साथ-साथ योगी आदित्यनाथ ने मोदी की गारंटी और हिंदुत्व संबंधी विचारों और कार्यों को सामने रखकर कार्यकत्ताओं तथा समर्थकों के मनोभावों को अभिव्यक्ति दी। इसी तरह जयंत चौधरी ने जब यह कहा कि दूसरी सरकार होती तो चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान नहीं मिलता, तो जनसमूह ने तालियों की गडगड़ाहट से इसे समर्थन दिया। इस तरह दोनों रैलियों के तुलना करके आप स्वयं उद्देश्यों की दृष्टि से उनकी सफलता और प्रभावों का आकलन कर सकते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

### पानी की आपूर्ति बाधित होने पर भड़के विधायक

# पेयजल की समस्या का अधिकारी जल्द करें समाधान : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गर्मी का मौसम आते ही जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर विधायक मंगल कालिंदी गंभीर है। मंगलवार को विधायक ने जुगसलाई शफीगंज मोहल्ला में पानी की आपूर्ति कम होने की सूचना पर क्षेत्र का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने अधिकारियों को फोन कर फटकार लगाते हुए तत्काल पानी उपलब्ध कराने व समस्या का समाधान निकालने का निर्देश दिया। वही विधायक ने विभिन्न जगह में ब्लॉकेज का जायजा लेकर आम लोगों की समस्या सुनी। साथ ही जुगसलाई चौक में पीएचडी विभाग, नगर परिषद और साफ्रीगंज मोहल्ला के बस्ती वासियों के साथ बैठक की। सभी ने विधायक के समक्ष अपने अपने तर्क रखे। जानकारी मिलने पर विधायक ने कल से ही पेयजल की समस्या का समाधान के लिए तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए बीते वर्ष 26,42,714 रुपए की लागत से दो नए पम्प व मोटर सेट लगाया गया था। ताकि लोगों को राहत मिल सके। बीते साल पानी आपूर्ति टप होने पर संबंधित विभाग के एसडीओ सहित जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर को फोन के माध्यम से अवगत कराया था। ऐसी समस्या लगभग कई वर्षों से चल रहा था। लेकिन विगत दिनों भी कई क्षेत्र में पाइप जाम होने की समस्या की वजह से पानी नहीं पहुंच रही थी। निर्देश के बाद समस्या का समाधान निलाका।

# राहरगोड़ा में मां मंगला पूजा हर्ष उल्लास के साथ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राहरगोड़ा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां मंगला पूजा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को पुजारी राखल मुखी देख रेख में पूजा के दौरान क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत ने बताया मां मंगला का सच्चा स्वरूप भक्तों में दिखता है। मां भक्तों पर सवार होते है और भक्त झूमते नाचते पूजा में शामिल रहते है। उन्होंने कहा बिगत कई वर्षों से राहरगोड़ा में मां मंगला की पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी पूजा में सैकड़ो महिला और पुरुष श्रद्धालु बाजा गाजा के साथ बामनगोड़ा तालाब से पानी लेकर यात्रा करते हुए पूजा स्थल पहुंचे। जहां सभी श्रद्धालु मां मंगला की प्रतिमा के सामने पूजा अर्चना की। पूजा में कई भक्तों ने अपनी मन्नत पूरी होने के बाद नारियल और फूल प्रसाद के साथ बकरा, मुर्गा और हंस की बलि चढ़ाई। साथ ही मां से गांव में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा कर बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर छोटे सरदार, राखल मुखी, विश्वनाथ सामंत, शक्ति मुखी, कुन्नू मुर्मू, अमित दास, कृष्णा हेंब्रम, सुजीत शर्मा, अंकित सामंत अजय सामंत सहित सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे।

# हिंदू उत्सव समिति ने किया हिंदू नववर्ष यात्रा का ध्वज पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिंदू उत्सव समिति के द्वारा 8 अप्रैल को मानगो गांधी मैदान से निकलने वाले नववर्ष यात्रा के लिए बड़ा हनुमान मंदिर में सनातन विधि विधान के साथ भव्य रूप से ध्वज पूजन किया गया। मंगलवार को ध्वज पूजन कार्यक्रम में पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, मेघानन्द सरस्वती विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही पूजा में शहर के मस्तान सिंह, धर्मेंद्र सोनकर, शंकर रेड्डी, आरएसएस के संजय सिन्हा, गोपाल यादव, सरवन पासवान, अभय सिंह परमार, बाला प्रसाद, अमित दुबे, चंदन चतुर्वेदी, राजीव सिंह बबलू, अमित शर्मा, पप्पू सिंह, सौरभ मुखर्जी, धीरज सिंह, शक्ति प्रामाणिक, संजीत शर्मा, अक्षय कौड़ा, सोनू ठाकुर, बलवंत सिंह, चौहान, अमन ठाकुर, अमृतेश त्रिपाठी, भक्तरंजन महतो, अभिनंदन सिंह, मृत्युंजय सिंह, चंदन झा, अनिशा सिन्हा, कविता देवी, अनिता शर्मा सहित शहर के प्रत्येक क्षेत्र के ऊजार्वान युवा व प्रबुद्ध जनों ने भारी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने ध्वज पूजन कर आगामी 8 अप्रैल को होने वाले हिन्दू नववर्ष यात्रा को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प लिया। साथ ही शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों से अपील की। ताकि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शहर के हिंदूवादी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। शोभा यात्रा आगामी 8 अप्रैल को मानगो गांधी मैदान से साकची सुभाष मैदान तक जाएगी। मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा इस बार की यात्रा गांधी मैदान मानगो से लेकर सुभाष मैदान साकची तक का जो रुट तय है ये अच्छा प्रयास है। सभी शांति सौहार्द को ध्यान में रखते हुए यात्रा में निकाले। उन्होंने कहा यह यात्रा अपने आप में एक अनोखी शोभायात्रा है। हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग अलग स्थान से निकाला जाता है। यह यात्रा की भव्यता वर्षों तक जमशेदपुर वासी भूल न पाएंगे।



शोभा यात्रा में युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**सनातन संस्कार के विचार को संरक्षित और संवर्धित करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य :- महंत विद्यानंद**

ध्वज पूजन में पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा वर्तमान सामाजिक परिवेश में विराट हिंदू समाज के प्रत्येक सदस्य को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। अपने संस्कार और वैचारिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित कर सनातन संस्कृति की सुरक्षा करना प्रत्येक लोगो की कर्तव्य है। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश, सुखदेव, अभिमन्यु सहित सैकड़ो हिंदूवादी शामिल रहे।

# शास्त्रीनगर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कदमा शास्त्रीनगर 4 नंबर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में प्रबंध कार्यकारणी समिति के द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन, शिक्षक परिवार, विद्यालय के समस्त बच्चे व अभिभावक शामिल रहे।कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सावर मल शर्मा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया।पंडित सत्य नारायण मिश्रा द्वारा विधि विधान व वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ सभी ने संयुक्त रूप से नए सत्र के प्रारंभ को लेकर हवन यज्ञ किया। श्याम किशोर सिन्हा ने कहा भारतीय संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य ईश्वर की स्तुति या पूजा अर्चना के साथ की जाती है, ताकि कार्य सही रूप से चल सके।उन्होंने सत्र का प्रारम्भ में पुरे विद्यालय के प्रति मंगल कामना की। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, प्रधानाचार्य सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिका और सैकड़ो बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रिंस ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रखंड का नाम रोशन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगड़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेरौनी का छात्र प्रिंस कुमार, पिता विकास साह जवाहर नयोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। प्रिंस विपरीत परिस्थिति में जी तोड़ मेहनत का नतीजा आज यह सफलता हासिल किया। जिससे मो-बाप, विद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया। विदित हो कि प्रिंस बचपन से ही बहुत मेहनती और मेधावी रहा है। वह कला के क्षेत्र में भी बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल किया है। अपने बड़े भाई क्षेत्रीय लोक कलाकार जादुगर विजय हिन्द के साथ कई फिल्मों में काम किया तथा उसमें उसे झारखंड फिल्म फेस्टिवल जैसे बड़े मंचों पर भी इसे चयनित और सम्मानित किया गया। इनका फिल्म लाकडाउन की गोद में, सत्यनाश, महात्याग इत्यादि सुर्खियों में रहा था। प्रिंस को बड़े मुकाम तक पहुंचने का मार्गदर्शन प्राइवेट ट्यूशन पढ़ाने वाले चंद्रकांत तिवारी ने रात दिन इनके साथ कठिन परिश्रम करते थे। प्रिंस की कामयाबी का श्रेय चंद्रकांत तिवारी, राजकीय उत्तक्रमित उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक, मां-बाप और बड़े भाई विजय हिंद को जाता है, जो हमेशा इसके उज्जवल भविष्य के लिए प्रयासरत रहे।

# खबर का असर: अवैध रूप से संचालित क्लीनिक हुआ सील

**मामला प्रसव के दौरान नवजात की मौत का**

**पान की दुकान की तरह जगह- जगह खोले जा रहे हैं अवैध क्लीनिक**

अरुण कुमार चौबे



**कांडी (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही अखबार में 29 मार्च को छपे खबर कांडी में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत का हुआ असर। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध क्लिनिक का धंधा काफी फल-फूल रहा है। जिसका नतीजा यह है कि किसी एक - दो को फायदा, तो किसी को बहुत ज्यादा नुकसान भी पहुंच रहा है। बताते चलें की गुरुवार के दिन कांडी बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में प्रसव पीड़ा से व्याकुल मझिगवां पंचायत के सवंडीह टोला निवासी महिला पुजा कुमारी के असुरक्षित प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गयी थी। जबकि महिला को गंभीरावस्था में गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पीड़िता के परिजनों द्वारा महिला डॉक्टर के खिलाफ कांडी थाना, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी रेफरल अस्पताल मझिआंव व सिवल सर्जन गढ़वा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गयी थी। इस खबर को अगले दिन आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद सोमवार को सिविल सर्जन अशोक सिंह और मझिआंव रेफल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ और उनकी टीम सोमवार को कांडी पहुंचकर अवैध तरीके से चल रहे क्लिनिक को सील कर दिया गया।

इस संबंध में सिविल सर्जन ने कहा कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सिल कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांचोपरांत आगे की करवाई की जायेगी।

## गढ़वा नगर परिषद के सफाई सुपरवाइजर की कंप्रेसर वाहन से दबाकर हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नगर परिषद में कार्य कर रहे एक कर्मी की कंप्रेसर वाहन से दबने से उसकी मौत हो गई है। मृतक गिरिडीह जिला के राजधनवार थाना क्षेत्र के दासियाडी गांव का रहनेवाला था। जिसका नाम विकास चौधरी 43 वर्ष बताया गया है। घटना के बाद आस पास के लोगो के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एन जीओ में सुपरवाइजर था। यह एन जी ओ पीछले 5 वर्षो से कचड़ा प्रबंधन कार्य कराता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गढ़वा नगर परिषद की ओर से कचरा निस्तारण के लिए हाइड्रोलिक कंप्रेसर का एक नया मशीन मंगाया गया था। जिसका आज मंगलवार को प्रशिक्षण देने के लिए दिल्ली से एक प्रशिक्षक आया था। इसी बीच सुपरवाइजर विकास चौधरी खड़ा होकर देख रहा था। इसी बीच वह कंप्रेसर मशीन की चपेट में आ गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में नगर परिषद के कर्मियों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि विकास पिछले 5 वर्षों से आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ की ओर से गढ़वा शहर से कचरा उठाओ का कार्य करता था। मंगलवार की दोपहर मैं कचरा निस्तारण कंप्रेसर मशीन का प्रशिक्षण हो रहा था। जिसमें वह दब गया। नगर परिषद की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों का आने का इंतजार किया जा रहा है।

## अयोध्यापुरी स्वर्णकार समाज का गठन, जय सोनी बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अयोध्यापुरी स्वर्णकार समाज की प्रमुख लोगों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गढ़वा शहरी और टंडवा क्षेत्र के स्वर्णकार लोग सम्मिलित हुए। पूर्व से चली आ रही है। अयोध्या पूरी जो सक्रिय नहीं था, उसे फिर से सक्रिय करने हेतु काशीनाथ सोनी की अध्यक्षता में बैठक कर विचार मांगा गया। लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां पहले से हम लोगों का समाज काम करते रहा है। इसलिए इस समाज को फिर से सक्रिय करते हुए अयोध्यापुरी स्वर्णकार समाज का गठन जरूरी है। जिसमें सर्व सम्मति से अयोध्यापुरी स्वर्णकार समाज का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष जय सोनी, रूप अलंकार ज्वेलर्स को सारे सम्मति से चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष मुन्ना सोनी, डफली मोहल्ला, अनिल सोनी टंडवा, ललन सोनी, बंधन मैरिज हॉल कचहरी रोड गढ़वा, मुकेश सोनी, गैस एजेंसी बिशनपुर, संत कुमार सोनी टोनी को बनाया गया। वहीं महासचिव के पद के लिए विनोद सोनी किल कारीगर, अनिल सोनी उत्सव गार्डन गढ़वा बनाया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में रवि सोनी टंडवा, प्रवीण सोनी टंडवा मनोनित किये गये। मंत्री के पद के लिए अंकित सोनी टंडवा, राजू सोनी टंडवा, सोनू सोनी, दयानंद सोनी, बबलू सोनी डफली मोहल्ला का मनोनयन किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज सोनी मेन रोड, बने जबकि, मुख्य सलाहकार के रूप में काशीनाथ सोनी, संजय सोनी मदरसा रोड, भुवनेश्वर नाथ सोनी, संजय सोनी बीएसकेडी पब्लिक स्कूल, अनूप सोनी ऑक्सफोर्ड स्कूल गढ़वा, प्रभात मास्टर, हेमंत सोनी, मुरली श्याम सोनी, गोपाल सोनी टंडवा, विनोद सोनी, रंजू सोनी मदरसा रोड, ओमप्रकाश सोनी, विकास ज्वैलर्स, पंचम सोनी मेन रोड गढ़वा, उदय सोनी का चयन किया गया। जबकि 25 लोगों का कार्य समिति सदस्य बनाया गया।

## रामनवमी पर्व पर बंशीधर नगर होगी राममय



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री राम सेना के छठी बार अध्यक्ष बने रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इस वर्ष रामनवमी पर्व पर श्री बंशीधर नगर को राममय कर दिया जायेगा। रामनवमी को लेकर गोसाईबाग स्थित लाला बागी बजरंग बली मंदिर से लेकर भवनाथपुर मोड़ तक भगवा ध्वज और लाईट लगाकर बेहतर तरीके से सजाया जायेगा। पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाट दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन ढोल, नगाड़ा, साउंड सिस्टम एवं तीन रथ के साथ राम दरबार, भगवान शंकर और माता पार्वती, भूत-प्रेत, श्री कृष्ण राधा, ग्वाला, बांदरी सेना के साथ सुसज्जित तरीके से झांकी निकाली जायेगी और महाभंडारा का भव्य आयोजन किया जायेगा। साथ ही भक्ति जागरण और बाहर से आये कलाकरों द्वारा झांकी कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामनवमी से पूर्व भव्य बाईक जुलूस निकाली जायेगी।

## मध्य विद्यालय राणाडीह के शिक्षक को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय राणाडीह में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल द्विवेदी ने शिक्षक के रूप में अपने नौकरी की शुरूआत 1994 ई. में प्राथमिक विद्यालय चनना खरौंधी से किये थे, और एक मई 2017 ई. में मध्य विद्यालय राणाडीह में योगदान किये थे। वर्तमान विद्यालय में सात साल तक सेवा देकर 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। अखिल राज्य झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार, जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे, संगठन सचिव दिलिप श्रीवास्तव, प्रविण दुबे, अंजनी पाण्डेय सहित उपस्थित अन्य शिक्षकों, ग्रामीणों व विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र, बुके व विभिन्न प्रकार का भेंट देकर देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया गया। कांडी बीपीओ विरेंद्र प्रसाद ने सेवानिवृत्त शिक्षक की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि श्री द्विवेदी हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में रहते थे, इनके योगदान को शिक्षा विभाग कभी नहीं भुला सकता है। अखिल राज्य झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे ने कहा कि ये जहां भी रहे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल द्विवेदी ने अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है, लोगों का जो स्नेह व साथ मिला उसके लिए उन्होंने सबों को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बुनियादी विद्यालय सेमौरा के प्रधानाध्यापक पुरूषोत्तम कुमार दुबे ने किया। मौके पर बीपीओ विरेन्द्र प्रसाद, मुखिया ललित बैठा, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे, आलोक, दिलिप, अंजनी पांडेय, सूर्यदेव मेहता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चचेरे ससुर पर बहु के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के बगहि टोला निवासी जहांगीर अंसारी की पत्नी रबाना बीबी ने अपने चाचा ससूर सरफुद्दीन अंसारी पर छेड़छाड़ के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। रबाना बीबी ने दिये आवेदन में कहा है कि हमारे घर के सामने किसी ने शौच कर दिया था, जिसके बारे में पुछताछ करने पर चाचा ससूर सरफुद्दीन अंसारी गंदी गंदी गालियां देते हुए हमसे उलझ गये। वे हमारे शरीर पर छेड़छाड़ करते हुए मारपीट करने लगे तथा पटक कर हमारे उपर चढ़ गये। मेरे द्वारा शोरगुल करने पर परिजनों ने बीच बचाव किया। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा आवेदन प्राप्त हुआ हैं, जांच पड़ताल किया जा रहा है, सत्यापित होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

## शरारती तत्वों ने लगायी आग, प्रशासन खोज में जुटी



**मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मंझिआंव बाजार के पूरब में कोयल नदी के मेला घाट पर मंगलवार को शाम में सुनील सिंह के खलिहान में अचानक आग लग गयी। जिसके कारण लगभग एक हजार बोझा पुवाल जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि कुछ सरारती तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है जिसकी पहचान की जा रही है। इसी बीच आग की लपटों ने पास के पुराने आम के विशाल बृक्ष को अपने लपेटे में ले लिया। इस दौरान सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आकाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दमकल विभाग को फोन किया। लेकिन जबतक दमकल विभाग का वाहन पहुंचा तबतक पुवाल जलकर राख हो चुका था। इस संबंध में सुनील सिंह ने बताया कि डेढ़ सौ क्विंटल धान का लगभग एक हजार बोझा से अधिक पुवाल था, जिसे कटवाकर मवेसी का चारा बनाना था लेकिन किसी सरारती तत्व ने आग लगाकर लगभग एक लाख रुपये का नुकसान कर दिया। सारा पुवाल जलकर राख हो गया। जिसके कारण पशुओं के समक्ष चारा संकट उत्पन्न हो गया है। घटनास्थल पर सीओ शम्भू राम, थाना प्रभारी आकाश कुमार सहित आस पास के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में अपने मताधिकार का प्रयोग करें : पुलिस




**सीआरपीएफ के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुरा, कोचेया, पिपरी, चितरी, पतिहारी गांव का भ्रमण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और भय मुक्त संपन्न कराने को लेकर विशुनपुरा पुलिस ने सीआरपीएफ टीम के थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मोटरसाइकल से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान मतदाताओं को भय मुक्त वातावरण में अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया। सीआरपीएफ के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुरा, कोचेया, पिपरी, चितरी, पतिहारी गांव का भ्रमण करते हुये इन इलाकों में पड़ने वाले बूथ का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा दिलाते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अपील किया। फ्लैग मार्च के दौरान रास्ते में पुल-पुलिया को डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा जांच करायी गयी।

## मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो : बीडीओ



**बरडीहा।** प्रखंड कार्यालय के मिटिंग हाल में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफल तथा मतदात केंटो में सुविधा बहाल करने को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक में बीएलओ, सुपरवाइजर, सभी सेक्टर दंडाधिकारी, सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रधानाध्यापक के उपस्थिति में बैठक हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर को मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धियां सूचित करने की बात कही। इस चुनाव में मॉडल बूथों की अलग से कोई मापदंड नहीं होगी। बल्कि जिन बूथों पर पेयजल, शौचालय, रैंप प्राप्त, रोशनी बिजली आदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध होगी । वैसे सभी बूथों को मांडल बूथों की श्रेणी में रखा जायेगा। सभी बीएलओ को और सुपरवाइजर होम वोटिंग प्रक्रिया से अवगत करायेंगे ताकि 85+ प्लस उम्र के बुजुर्गों तथा दिव्यांगजनों का मतदान बीएलओ के माध्यम से होम वोटिंग कराया जा सके। सुपरवाइजर श्यामकांत विश्वकर्मा, जनसेवक राजकुमार, इनके साथ कई कर्मी उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से डीसी कार्यालय में लगी आग




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय में मंगलवार की दोपहर लभग तीन बजे शॉर्ट सर्किट से उपयुक्त कार्यालय से सटे किचन में रखे फ्रीज में आग लग गयी। आग बेकाबू होते ही किचन में रखें सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। जिस समय आग लगी की घटना घटित हुई उस समय समाहरणालय में अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि उस समय उपयुक्त अपने कार्यालय कक्ष में नहीं थे। आग लगने के कारण समाहरणालय परिसर धुआं से भर गया। आग पर काबू पाने के लिए तुरंत अग्निशमन को बुलाया गया। उसके बाद अग्निशमन द्वारा आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जिसके चलते जरूरी सरकारी फाइलें जलने से बच गयी।

## बीडीओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** आसन्न लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बीडीओ जागो महतो के नेतृत्व में मंगलवार को कई बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में मेराल पूर्वी पंचायत के बूथ नंबर 56 एवं 57 पर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। मतदाताओं को मतदान के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे मतदान करने का आग्रह किया गया। बताया कि मतदान सभी का अधिकार और कर्तव्य दोनों है, सही प्रतिनिधि चुनने के लिए सभी को मतदान जरूर करना चाहिए। जागरूकता अभियान को सफल बनाने में बीपीआरओ बसंत पांडें, मेराल पूर्वी मुखिया राम सागर महतो, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, रोजगार सेवक निभा तिवारी, जल सहिया सुधा देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कमलेश कुमार, डॉ लालमोहन, वीरेंद्रनाथ महतो, चंदेश्वर महतो, देवव्रत कुमार, रामनरेश साव, सुरेश साव सहित कई ग्रामीण मतदाता सामिल थे।

## महुआ शराब को लेकर चलाया छापेमारी अभियान



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस के द्वारा अवैध महुआ शराब के प्रति छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रखंड के पिपरी, सारो, पातो, ओढेया, जतपुरा, अमहर सहित विभन्न गांव में चलाया गया। इस दौरान 40 लिटर महुवा शराब को जब्त किया गया। साथ ही 70 किलो जावा महुवा को मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया की जिला के निर्देश पर अबैध रूप से संचालित महुवा शराब के खिलाफ अभियान चलाकर विशुनपुरा हरिजन टोला निवासी मजनू राम के खिलाफ थाना कांड संख्या 14/24 उत्पाद अधिनियम 47 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा की आगे भी अबैध महुवा शराब के खिलाफ अभियान चलता रहेगा। वहीं पुलिस द्वारा लगातार चलाये जा रहे अभियान से शराब कारोबारियों में काफी हड़कंप है।

## हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किये। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे, नेपाली शुक्ला, मनोज सोनी ज्वेलर्स दुकान और युवा नेता भोला सोनी संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक अनवरत चलता रहा.जिसमें श्रद्धालु उमड़ते रहें.वही मुख्य पथ के किनारे हनुमान मंदिर होने के कारण सड़क से आने जानेवाले यात्रियों को भी लोगो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच प्रसाद उपलब्ध कराने में युवा कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय युवा समाजसेवियों के जन सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान जी के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं संध्या में महा आरती का कार्यक्रम होगा.उन्होंने कहा कि मंगलवार के दिन भंडारा करना पुण्य का कार्य है, क्योंकि यह दिन वीर हनुमान का होता है.उन्होंने कहा की हनुमान मंदिर परिसर के पास भंडारे का आयोजन हुआ. जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगों की भरपूर आस्था है, जो लोग सच्चे मन से हनुमानजी का पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगते है, वह पूर्ण होता है। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय समाजसेवी व युवा नेता बिट्टू जायसवाल, बजरंग संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री भोला सेठ विकास कुमार, पिंटू कुमार, बादल पासवान, निखिल कुमार तिवारी, ललित पासवान, अखिलेश कुमार, विजय जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी, बादल आर्ट आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

## अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध छापेमारी में जावा महुआ और शराब जब्त

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंगरदह गांव में सोमवार की देर शाम थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न घरों से 750 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया जबकि 40 लिटर महुआ शराब भी जब्त किया गया। पुलिस को देखते हुए शराब बनाने वाले भाग खड़े हुए।थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अन्दर अवैध शराब बनाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है।इसी कारवाई के तहत मंगरदह गांव में भी कारवाई किया गया है। पुलिस ने अज्ञात शराब बनाने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रहीं हैं।

### खूंटी में इंडी गठबंधन का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# संविधान और देश को बचाने के लिए भाजपा को पराजित करना जरूरी : बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया और कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेसे के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि हमें देश और संविधान को बचाने के लिए हर हाल में मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि आज के सम्मेलन में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ और उनके उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि खूंटी संसदीय सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा की भारी मतों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नस-नस में आविवासियों को अपमानित करने की फितरत है। उन्होंने कि जब पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के लिए उनके अवास पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची, वहां आदिवासी महिला राष्ट्रपति खड़ी रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुर्सी में बैठे रहे। बंधु तिर्की ने कहा कि इस घटना से देश के पूरे आदिवासी समाज को अपमानित किया गया है। तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा के लिए जुमलेबाज, नौटंकीबाज और जादूगर प्रधानमंत्री को सत्ता से बेदखल करना होगा। उन्होंने कहा कि यह हम लोगों के लिए अंतिम लड़ाई है, अन्यथा संविधान कों बदल दिया जायेगा और आरक्षण को पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछली गलतियों से सबक लेते हुए हर कार्यकर्ता को चुनाव के दौरान मुस्तैद होकर काम करना होगा। कहा कि अभी इंडी गठबंधन के सामने लोकसभा चुनाव जीतने का सुनहरा मौका है। कार्यक्रम में सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, खरसावां विधायक दशरथ गगराई, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, खरसवा जिला अध्यक्ष अंबुज पांडेय, खूंटी जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, सनिका बोदरा, गुलशन मुंडू, पीटर मुन्डू, नईमुद्दीन खां, हेलन होरो, सुदीप गुड़िया, चन्द्रप्रभात मुंडा, सुषमा भेंगरा, शांता खाखा, रविकांत मिश्रा, मदन मिश्रा, वेदप्रकाश मिश्रा, मो शाहिद, शमी आलम, छोटराय किस्कू, लाल अजय नाथ शाहदेव आदि ने भी विचार व्यक्त किया और महागठबंधन के उम्मीदवार की जीत के लिए समर्पित भाव से काम करने की अपील कार्यकर्ताओं से की।

# सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मंगलवार को खूंटी प्रखंड के पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू का भ्रमण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मारंगहातु ग्राम में बूथ जागरूकता दल की बैठक का आयोजन किया गया, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। ज्ञात हो कि विगत चुनाव में मारंगहातू में 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी का प्रयास है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मारंगहातू के सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बैठक के दौरान बताया गया कि स्वीप के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बूथ जागरूकता दल के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में बूथ स्तर पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाय। उपायुक्त ने मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए योग्य जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में किसी वजह से नहीं जुड़ पाया हैं, वे फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकते हैं। छूटे हुए योग्य नागरिक नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की भी मदद ले सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप एवं सक्षम एप की जानकारी भी दी गई। जानकारी दी कि जिले में मतदान की तिथि 13 मई है एवं फॉर्म 6 प्राप्त करने की आखिरी तिथि 15 अप्रैल है। साथ ही किसी भी शिकायत व सूचना के लिए 1950 हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गयी।

## धमधमिया में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमिया मैदान के समीप तीन मुहाने सड़क पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। धमधमिया पुलिस पिकेट प्रभारी पुरुषोत्तम भगत के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने वाहन चेकिंग किया। जिसमे दो पहिया वाहनों के चालको और अन्य सवार लोगो की गहनता से जांच की गयी। साथ ही गाड़ियों के डिक्की एव बैग झोला की भी जांच की गयी। वही बाइक सवार आने जाने वालो से पूछताछ भी किया गया। इस अभियान में पिकेट प्रभारी पुरुषोत्तम भगत सहित अन्य जवान शामिल थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गयी रैली





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। महिलाओं का काफिलां ऊपर चौक तक गया और पुनः समाहरणालय में अकर स्कूटी रैली का समापन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से जिले में 13 मई को होनेवाले मतदान दिवस में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। महिलाओं ने महिला सशक्तीकरण का संदेश देते हुए आम नागरिकों को मतदान करने कें लिए जागरूक किया।

## एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के मेसोडीह से सोमवार को संध्या एतवा मुंडा नामक व्यक्ति को दशम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास 50 किलो डोडा तथा 1.3 किलो अफीम बरामद किया है। बताया जाता है एतवा मुंडा के घर में इसे रखा था जहां इसे देर रात इसे बेचने के जुगाड़ में लगा हुआ था। रांची ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू के नेतृत्य में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम के द्वारा त्वरित छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम मेंअभियुक्त एतवा मुंडा के घर से अफीम 1.3 किलो , डोडा 50 किलो, देशी महुआ 20 लीटर, किंग फिशर स्ट्रॉग बियर, एमसी डॉवेल्स, एम्पीरियल ब्लू, 08 पीएम ब्लैक बरामद किया गया है।

# खलारी : मैकलुस्कीगंज और राय स्टेशन ने कोयला रैक डिस्पैच कर 19 अरब 81 करोड़ से अधिक का राजस्व कमाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खलारी।** वित्तीय वर्ष 2023-2024 में खलारी, मैकलुस्कीगंज व राय स्टेशन ने कुल 3620 रैक कोयले की ढुलाई कर भाड़े के रूप में 19 अरब 81 करोड़ 77 लाख 82 हजार 312 रुपये (19,81,77,82,321)का राजस्व कमाया है। इसके अलावे यात्री ट्रेन से भी करोड़ो रुपये का राजस्व खलारी रेलवे स्टेशन को मिला है। वहीं इस वर्ष खलारी, राजधर साइडिंग मैकलुस्कीगंज से अप्रैल माह में 185 रैक, मई माह में 145 रैक, जुन में 145 रैक, जुलाई में 141 रैक, अगस्त में 189 रैक, सितंबर में 150 रैक, अक्टुबर में 148 रैक, नवंबर में 157 रैक, दिसंबर में 142 रैक, जनवरी में 155 रैक, फरवरी में 157 रैक तथा मार्च में 166 रैक कोयले का डिस्पैच किया गया है। वहीं खलारी स्टेशन से कुल 06 अरब 73 करोड़ 03 लाख 99 हजार 119 रुपये (6,73,03,99,119) भाड़े के रूप में अर्जीत किया। साथ ही राजधर साइडिंग मैकलुस्कीगंज ने भी कुल 05 अरब 72 करोड़ 52 लाख 06 हजार 631 रुपये (05,72,52,06,631) भाडे के रूप में अर्जीत किया। दोनों स्टेशनों से रेलवे को कुल 12 अरब 45 करोड़ 56 लाख 07 हजार 750 रुपये (12,45,56,07,750) का राजस्व मिला। इसके साथ ही राय स्टेशन से 1740 रैक कोयला लोड हुआ जिससे रेलवे को कुल 07 अरब 36 करोड़ 21 लाख 76 हजार 562 रुपये (7,36,21,76,562) का राजस्व कमाया। राय स्टेशन से अप्रैल माह में 135 रैक, मई माह में 172 रैक, जुन में 142 रैक, जुलाई में 158 रैक, अगस्त में 162 रैक, सितंबर में 111 रैक, अक्टुबर में 91 रैक, नवंबर में 156 रैक, दिसंबर में 181 रैक, जनवरी में 148 रैक, फरवरी में 120 रैक तथा मार्च में 131 रैक से कुल 6821168.2 टन कोयले का डिस्पैच किया गया है। मौके पर यातायात निरीक्षक उमेश कुमार व खलारी स्टेशन मास्टर जॉन सोरेंग ने बताया कि पुरी टीम की मदद के साथ ही तीनो स्टेशन के प्रबंधक एवं कर्मचारियों की मेहनत तथा वरिष्ठ अधिकारियों के बेहतर निर्देशन रहा।

### आइआरबी थ्री के पिपरवार कैंप मे विदाई समारोह का आयोजन

# रिटायर हवलदार को दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** इंडिया रिजर्व बटालियन आइआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सत्येन्द्र मिश्रा और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार रामनिवास शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने सेवानिवृत हवलदार को माला पहनाकर सम्मानित किया और शॉल एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की गयी। वहीं सेवानिवृत हवलदार रामनिवास शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्य के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सत्येन्द्र मिश्रा, रंजीत कुमार, शमशाद खान, मनीमोहन प्रसाद, विरेन्द्र सिंह, संजय यादव, बालदेव हेंब्रम, जितेंद्र सिंह, विनय मांझी, गोल्डन चौबे, महमुद अंसारी, अरविंद यादव, फातु हंसदा, पवन महतो, प्रहलाद पांडेय, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान, मंत्री सुजीत सिंह, उपाध्यक्ष विजय केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, जितेंद्र शुक्ला, आनंद कुमार, पवन महतो, परेश मरांडी सहित कई पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

### बचरा जामा मस्जिद में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

# आपसी भाईचारगी की मांगी गयी दुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी बचरा के द्वारा यह दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न गांव के रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार से पूर्व बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम के द्वारा क्षेत्र राज्य और देश की अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद सभी लोगों एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इस संबंध में अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारगी बढ़ती है। अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष बचरा जामा मस्जिद में रमजान के महीने के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया जाता है, जिसमें बचरा के अलावे आसपास के इलाकों के रोजेदार शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि रोजेदार को इफ्तार करना काफी पुण्य का काम होता है। इस मौके पर सदर इस्लाम अंसारी, सेक्रेटरी इरफान शेख, अयूब अंसारी, तहुर आलम, हाफिज कयामुद्दीन, हाफिज मनोवर, रियासत आलम, मुबारक हुसैन, जसमुद्दीन अंसारी, सफीद अंसारी, आशिक अंसारी, अमजद अली, सरवर खान, मोहम्मद दानिश, राशिद कादरी, छोटू खान, रिंकू खान, कादीर खान सहित काफी संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

## अर्जुन मुंडा पत्नी संग दिउड़ी मंदिर में माथा टेका पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री सह खुटी के भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा संग पहुंचे तमाड़ स्थित प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर। माता दुर्गा के चरणों में माथा टेका, पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना किया। इस दौरान भाजपा के कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, सिमडेगा प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, जैलेन्द्र कुमार, अरूण चंद्र गुप्ता, रंजित लाहेरी, कपिल महतो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, तमाड़ मडल अध्यक्ष, रड़गांव मंडल अध्यक्ष ,जिप सदस्य दिलीप सेठ, राजकिशोर महतो, सुबोध मुखर्जी महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु, सुभाष मुंडा, हरे कृष्ण प्रमाणिक,गणेश महली सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के रुगड़ी बाजार गांव के तीखा मोड़ पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि रुगड़ी गांव निवासी लक्ष्मीकांत महतो की बेटी खुशबु महतो मंगलवार शाम 4 बजे अपने घर से कोचिंग जा रही थी, इसी क्रम सिल्ली रंगामाटी सड़क पर सिल्ली तरफ से तेज रफ्तार से खाली ट्रक(ओडी 29 डी 4863) आ रही थी, जिसके चपेट में आने से खुशबु महतो, उम्र 12 वर्ष की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पाण्डेय व एएसआई धनंजय कुमार शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया। इधर गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवाजा की मांग को ले सड़क जाम कर दिया।

# विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खूंटी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मंगलवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों की निपुणता की परख ली गई। साथ ही मतदानकर्मियों द्वारा मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान समाप्ति के बाद समस्त कार्य निष्पादन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन संबंधित कार्य पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की भूमिका अहम होती है। सभी अपने प्रषिक्षण कार्य में पारंगत होकर अन्य मतदान कर्मियों को कार्य निष्पादन में निपुण बनाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यों को सफलता के साथ निष्पादित करने के लिए सभी पोलिंग पार्टी को पूर्ण प्रशिक्षित करने का दायित्व मास्टर ट्रेनरों का है। प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो परवेज ने प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने मतदान के दिन उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया। एनएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा कुमुद कुमार झा ने रोचक एवं सरल तरीके से मास्टर ट्रेनरों को डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया और वोटिंग समाप्ति के बाद कलेक्शन सेंटर तक पोलिंग पार्टी द्वारा कार्य निष्पादन के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। कहा कि आदर्श आचार संहिता के दायरा में रहकर सभी को अपने कार्यों का निष्पादन करना होगा। साथ ही समाधान के तरीके बताये गये। उन्होंने मॉक पोल की आवश्यकता और प्रक्रिया की जानकारी देते हुए वास्तविक मतदान आरंभ होने से पूर्व की जानेवाली प्रक्रिया से अवगत कराया। पी1, पी2 एवं पी3 के कार्य और जबावदेही की विस्तार से जानकारी दी गयी। विविध प्रपत्रों को भरने, पैकेटिंग करने की तरीका की चर्चा करते हुए चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट एवं प्रॉक्सी वोट के संबंध विस्तार से बताया। इवीएम कोषांग की शोभा रानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से सीयू,बीयू और वीवीपैट के संयोजन एवं कार्य प्रणाली की जानकारी दी गयी।

## स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल भवन निर्माण कार्य स्थल पर अपराधियों ने की फायरिंग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कुटकी गांव में स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल भवन निर्माण में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की और फायरिंग की घटना हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे स्वास्थ्य केंद्र में तीन अज्ञात अपराधियों हथियार के साथ पहुंचे और मुंसी को खोजने लगे। अपराधियों ने एक मजदूर के साथ मारपीट किया। और काम बंद करने की धमकी देते हुए फायरिंग कर भाग निकले। सभी अपराधी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। फायरिंग के दौरान एक गोली पेड़ पर लगने का निशान देखा गया। उसके बाद सभी अपराधी कुछ दूरी में बन रहे स्कूल के निर्माण कार्य में लगे एक मिस्त्री एव एक। मजदूर के साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पिपरवार पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे मजदूरों में दहशत है ।

## राजा पीटर घायल संज्योति देवी से मिलने पहुंचे

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित बेसरा टोली में पूर्व मंत्री राजा पीटर अपने कार्यकर्ता संज्योति देवी से मिलने मंगलवार को पहुंचे प्राप्त जानकारी के अनुसार संज्योति देवी को बीते दिन कुत्ते ने काट लिया था। जिससे उसका तथा उसके परिवार का पालन पोषण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री राजा पीटर उनके घर मिलने पहुंचे और आर्थिक सहायता प्रदान की।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


### गेतलसूद श्रद्धा सरना समिति ने मनायी अपनी 21वीं वर्षगांठ, पारंपरिक परिधान में शामिल हुए लोग

# अपनी विरासत और प्राकृतिक धरोहर को संयोकर नहीं रखा, तो मिट जायेगी पहचान : रामटहल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



श्रद्धा सरना समिति की ओर से आयोजित स्थानना दिवस में शामिल रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

**अनगड़ा।** गेतलसुद श्रद्धा सरना समिति ने बुधवार को अपना 21 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता रामटहल चौधरी के अलावा विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी आदि शामिल हुए। इससे पहले मुख्य पाहन राजदेव पाहन की ओर से सरना स्थल में पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। साथ ही सरना प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूरदराज से सैकड़ों सरना धर्मावलंबी महिला-पुरुष पारंपरिक वेश भूषा में शामिल हुए। स्वागत श्रद्धा सरना समिति के अध्यक्ष अजय उरांव ने किया। इस अवसर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता संस्कृति और परंपरा के प्रति सजग और जागरूक रहने की जरूरत है। यदि हम अपनी विरासत और प्राकृतिक धरोहर को संजोकर नहीं रख सके तो फिर हमारी पहचान मिट जाएगी। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर समिति के दशरथ मुंडा, नीरज मुंडा, बीटू उरांव, रवि किशोर उरांव, बिरेंद्र मुंडा, मनोज उरांव, मुखिया शांति मुंडा, ग्रामप्रधान जितेंद्र उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## नेहालू में निकाला गया सरहुल जुलूस



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व सरहुल पर प्रखंड के नेहालु कपरिया गांव में मंगलवार की शाम सरहुल जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गांव के लोगों द्वारा पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में शामिल हुए और मांदर की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य कर खूब झूमे। मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि प्रकृति का पर्व सरहुल प्राकृति पूजा का महापर्व है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्राकृति, भाषा संस्कृतिक, रीति-रिवाज को बचाए रखना जरुरी है। इन सभी के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस दौरान कई बुद्धिजीवी ने भी अपने विचार रखे। गौरतलब हो कि नेहालु में 15 वर्षो से सरहुल जुलूस का आयोजन प्रति वर्ष किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में अरविंद भगत, राजेंद्र उरांव, दीपक उरांव, मनीष उरांव, मंगल उरांव, संदिप भगत, श्रवण उरांव, दशरथ महली, बिजला महली, भौरा उरांव, जगन्नाथ मांझी, जितिया उरांव, विजय उरांव और प्रमोद उरांव आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## दिव्यांगजन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते है : मुकेश




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल मैच सीरीज प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल मैच सीरीज प्रतियोगिता में भारत ने नेपाल को 25-15, 23-25, 25-19 से हराया। वहीं, महिला वर्ग ने 25-18, 25-20, 25-23 तीनों सेट से नेपाल को पराजित किया। मंगलवार को स्वर्ण पदक विजेता दिव्यांग मुकेश कुमार का नेपाल से रांची स्थित अपने आवास जाने के दौरान टाटीसिलवे के दुर्गा मंदिर में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग मुकेश ने कहा कि दिव्यांगजन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते है। टीम में मुकेश कंचन (कोकर), सनोज महतो (कांके चारी), मुकेश कुमार (टाटीसिलवे), महिमा ऊराव (नामकुम सोदाग), तारामानी लकड़ा (चान्हो चमरांगा), पुष्पा मिंज (बेडो नरकोपी) एवं निक्की कुमारी (बलालोंग धुर्वा) शामिल थे। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड अध्यक्ष राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा, पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सृजन हेल्प सचिव गुंजन गुप्ता, पतरस तिर्की, अमर महतो, सोनाराम महतो, सुधूवा महतो, मुड़ा नायक, गिरिधर मिश्रा, रूसू महतो, विजय महतो, डब्लू महतो, मदन महतो, झाबरा, सुनील राम, मनोज महतो, प्रेम नायक, रजनीकांत मानकी, पुनिल नायक, जलेश महतो, कैलाश महतो, मंटू मिश्रा, अमित मिश्रा, राजेंद्र महतो, अमृत महतो, गुलाल कुम्हार आदि शामिल थे।

## लापुंग में धूमधाम से मनायी गयी सरहुल पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** गढ़डीपा सरसा आदिवासी सरना आश्रम स्थल में प्रकृति पर्व सरहुल श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित की गई। गांव के पाहन धम्मा उरांव महतो, बिठन उरांव, पुजार बंधनु उरांव ने मिलकर सरना स्थल पर मुर्गी की बलि दी और सरई फूल, अरवा चावल, सिंदूर एवं पूजन सामग्री के साथ सरना मां की विधिवत पूजा की। मुर्गी की बलि के बाद उसकी मिश्रित खिचड़ी का प्रसाद बनाया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजसेवी सह समिति के अध्यक्ष संतोष तिर्की, इंद्र सागर भगत, मनोज उरांव, मुनेन्द्र लोहरा, गंदुर लोहरा, अरुण तिग्गा, प्रकाश लोहरा, मघेया लोहरा, बुधुवा उरांव, विष्णु उरांव, कृष्णा लोहरा, जया उरांव, रमई उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उधर, समाजसेवी दशरथ कुमार तिर्की एवं पंचायत समिति सदस्य सह सरहुल मिलन सह शोभायात्रा आयोजन समिति की संरक्षक पूनम टोप्पो ने सभी महतो पाहन पूजार सहित गांव के सभी लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं दी। कहा कि सरहुल प्रकृति की पूजा है। इस दौरान पाहन पुजार ने बताया कि बुधवार व गुरुवार को गांव में फूलखोंसी की जाएगी। साथ ही लापुंग प्रखंड के पोकटा, खटंगा सरना टोली एवं जमनी टोली के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा जुलूस का आयोजित होगा।

# मांडर में महिला की गोली मार कर हत्या

### विधायक ने भिजवाया अस्पताल, कहा : अपराध व अपराधी बर्दाश्त नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता.



घायल को अस्पताल लेकर पहुंची मांडर विधायक व अन्य।

**मांडर।** मांडर के टांगर बसली रोड में मंगलवार की सुबह पांच बजे गीता टोप्पो नामक एक महिला की अज्ञात हमलावरों ने कंजिया पुल के समीप गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर अपराधी भागने में सफल रहे। इस दौरान मांडर प्रखंड क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में मांडर विधायक शिल्पी नेता तिर्की प्रखण्ड के कंजिया पुल के समीप से गुजर रही थी। तभी उन्होंने वहां लोगों की भीड़ देखी। जाकर देखा तो एक महिला खून से लथपथ पड़ी थी। चान्हो प्रखंड के सोनचिप्पी निवासी विजय भगत की गंभीर रूप से घायल पत्नी गीता टोप्पो की सहायता के लिये कोई भी तैयार नहीं था। तब विधायक ने अपने स्तर पर पहल की और वहां से गुजर रहे एक एंबुलेंस में घायल महिला को डाल कर अस्पताल भिजवाया। गीता टोप्पो को अस्पताल भेजा जाने लगा तभी वहां स्वास्थ्य विभाग का ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस भी आ गया और घायल महिला को उसी एंबुलेंस में भेजा गया। अधिक रक्तस्राव होने के कारण पहले घायल महिला को मांडर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत गंभीर देख रिम्स अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान उक्त महिला के परिजन और थाना प्रभारी भी साथ गये। बाद में विधायक ने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक से बात की और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को कहा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस घटना की गहन जांच के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी उपलब्ध करायी जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की जांच कर अपराधियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## ब्रह्मकुमारी पाठशाला का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगडी।** प्रखंड के चेकनाका चौक में ब्रह्मकुमारी सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवस पर पाठशाला का उद्घाटन ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान को सच्चे मन से याद करने से मन में शांति की प्राप्ति होती है और अपने आप मनप्रीत होता है। परमेश्वर का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। हमारी हर सांस में उनका आशीर्वाद है और यह आशीर्वाद को इस भौतिकवादी वह लोग में हमने हमें अच्छे कर्मों से अपना शिक्षा छोड़ना चाहिए। मन को नशापन ,मदिरा मन से दूर रखना चाहिए और सात्विक आहार का सेवन करना चाहिए। एक-दूसरे से प्यार का भाव रखने से न केवल आत्मीयता बढ़ती है बल्कि समर्पण भाव जागृत होता है। अपने उपर भरोसा और विश्वास रखने से सफलता प्राप्त होती है। 'मैं विजयी होउंगा मैं किसी से कम नहीं हूं' यह भावना आत्मविश्वास जगाता है। इस अवसर पर प्रदीप भाई और इन्दु बहन ने भी आध्यात्म और से संबंधित विचार व्यक्त किए। पाठशाला उद्घाटन के पश्चात ब्रह्मकुमारी ध्वज भी लगाया गया। इस अवसर पर बीणा देवी, उज्जवल केशरी, शिलवंती देवी, रिकी भगत, शांति देवी, केशव कुमार भगत, द्वारिका नाथ साहू, जीवन केशरी, कमलेश केशरी, गायत्री देवी, शांति चौधरी, सीमा केशरी, शीला केशरी, धनेश्वरी भगत, आरती भगत आदि उपस्थित हुए।

# एक्यूप्रेशर प्राचीन पद्धति है: मधुसूदन पांडे

**टाटीसिलवे शाखा में धूमधाम से मना एक्यूप्रेशर दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे में झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम झारखंड विधानसभा पूर्व सचिव, न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद जीबीएसआर प्रसाद रोहिणी साइंस क्लब, कांग्रेसी नेता मदन मोहन मिश्रा, डॉ मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा, टाटीसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान अतिथियों का स्वागत आरती उतारकर व चंदन लगाकर डॉ बंदना, डॉ ललित एवं डॉ पूजा ने किया। अतिथियों द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचाने, हर जगह उपलब्ध कराने तथा व्यवहार में एक्यूप्रेशर को लाने पर जोर दिया गया। मधुसूदन पांडे ने बताया कि एक्यूप्रेशर प्राचीन पद्धति है। एक्यूप्रेशर डॉ स्वर्गीय लालचंद बागड़िया के नेतृत्व में रांची के माहेश्वरी सभा में स्टार्ट किया गया। पर उनके निधन के बाद 2 अप्रैल 2018 में एक्यूप्रेशर के सचिव के तौर पर डॉक्टर मधुसूदन पांडे को नियुक्त किया गया और एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा का गठन किया गया। एक्यूप्रेशर की मदद से जटिल से जटिल बीमारियों का निदान बताया। 2024 से 2025 तक एक्यूप्रेशर सेंटर पतरातू, गोला, लोहरदगा, सिमडेगा एवं चाईबासा में खोलने की प्रतिक्रिया चल रही है। साथ ही आम जनों के सहयोग के लिए इनकम टैक्स की धारा जी 80 के माध्यम से सहयोग करने की अपील की गई। वहीं, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी, मुनमुन मालाकार, उमाशंकर मालाकार, लकी नारायण मुंडा, तापशचंद महतो, राघवनाथ वीदिया, नरेश महतो, बलराम महतो, महेंद्र प्रसाद और जीबीएस आर प्रसाद को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद को एक्यूप्रेशर संजीवनी, जीबीएसआर प्रसाद को एक्यूप्रेशर मित्र एवं मुकेश कुमार को एक्यूप्रेशर गोल्ड सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश मिश्रा, अर्चना मिश्रा, प्रदीप पांडे, मदन मोहन मिश्रा, सुरेंद्र ठाकुर, अर्जुन प्रमाणिक, लखन मिश्रा, दीपक पांडे, सुजीत ठाकुर का अहम योगदान रहा।

## राइस मिल में चोरी करता युवक पकड़ाया

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के बंध्या स्थित बाबा राइस मिल में चोरी करते एक युवक को रंगेहाथ पकड़ा गया है। उसकी पहचान जुलफान अंसारी के रूप में हुई है। वह नगड़ी के देवरी का रहने वाला है। सोमवार को वह मिल से मोटर और बिजली तार की चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहा था। तभी मिल के सुरक्षा कर्मी ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिए। बाद में उसे नगड़ी पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ के बाद मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## बेड़ो में नाई समाज के संरक्षक ललित ठाकुर के निधन पर शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के नाई समाज के संरक्षक ललित ठाकुर (53) की सोमवार के देर रात अचानक तबियत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। उनके बड़े भाई कामेश्वर ठाकुर ने बताया कि रात 11.30 बजे उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने लगी। तुरंत कुमार मंगलम आयुष्मान हॉस्पिटल लाल गुटुवा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी अनिता देवी व दो पुत्रों क्रमशः विवेक कुमार एवं विपुल कुमार सहित पूरा भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बेड़ो स्थित मुक्तिधाम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र ने दिया। वहीं, निधन पर मनोज लकड़ा, विश्वनाथ गोप, अनमोल विनय तिर्की, मुकेश सहगल, सौमित्र शर्मा, जगदीश सिंह, रवि गुप्ता, सुरेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, सुकुल महतो, केदार मेहता, केश्वर मेहता, दीनु बड़ाईक आदि ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## जंगली सुअर के हमले में घायल महिला की वन विभाग से कराई गई मदद

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरमालटदाग में पैरो देवी नामक महिला को 21 मार्च को जंगली सुअर ने घर के पास ही हमला कर घायल कर दिया था। लोहरा समाज के अध्यक्ष सुखु लोहरा ने इसकी सूचना विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक को दी। जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी जन्मेजय पाठक ने तुरंत फोरेस्ट ऑफिसर से बात कर विभाग कि ओर से पैरो देवी को सहायता राशि प्रदान करवाया। साथ ही बीएसओ विनोद नारायण झा से कहकर खाद्य सामग्री की भी व्यवस्था कराया। मौके पर सुखु लोहरा, वन विभाग कि ओर से राम किशोर सिंह, मुनि कुमारी, अनिश लोहरा, अमित कच्छप, किशोर उरांव, शारू उरांव, सुकरा लकड़ा, सुकरा मुंडा व बरसी देवी आदि मौजूद थे।

### उपेक्षा : जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौन, भ्रष्टाचारी मस्त

# कमीशनखोरी की भेंट चढ़ी पीएमजीएसवाइ की सड़कें

आजाद सिपाही संवाददाता



बोदा गांव में बनी जर्जर पीएमजीएसवाई की सड़क।

**बेड़ो।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को भ्रष्टाचार का दीमक अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। पूरे प्रखंड में इस योजना के तहत बनाई गई सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं। कुछ महीने पहले तक बनी सड़क जर्जर हो गई है। जबकि सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें नियम-कायदे ताक पर रखे जा रहे हैं। प्रति वर्ष नई पक्की सड़क और पुराने जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा विभाग को करोड़ों रुपए की राशि आवटित की जाती है। लेकिन ठेकेदार और अधिकारी मिलकर सड़क का घटिया निर्माण कर सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं है। प्रखंड के बारीडीह, बोदा, महरू, घाघरा, चिल्द्री, खिरदा, फादिलमर्चा सहित कई गांवों में हाल ही में बने सड़कों पर गड्ढे व दरारें उखड़ने जैसे भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। नवनिर्मित सड़कें उबड़-खाबड़ हैं और धसने लगी हैं। वहीं, प्रखंड के गांवों में अभी भी निर्माण कार्य की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पक्की सड़कों का निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है।

### स्तरहीन सड़कें

करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली ये सड़कें स्तरहीन और निम्न दर्जे की है। बोदा, ईंटा, खिरदा, फादिलमर्चा सहित कई गांव में बनी सड़कों का ज्यादातर हिस्सा गुणवत्ताहीन है, जो बनने के कुछ समय बाद ही उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण कार्य की जानकारी विभागीय अफसरों को है। इसके बाद भी कार्रवाई करने के बजाय हाथ में हाथ धरे बैठे हैं। निर्माण एजेंसी को विभागीय अफसरों का संरक्षण मिल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया जिससे सड़क उखड़ गयी है।

# गुमला में कुल्हाड़ी से काट कर मुखिया की हत्या की

### पत्नी और दो बच्चे घायल, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड के तेंदार गांव में एक युवक ने एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में परिवार के मुखिया धीरज मुंडा (42) की मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी बासमती देवी, दो बच्चे दशरथ मुंडा और मुक्ति कुमारी बुरी तरह जख्मी हैं। तीनों को गुमला सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

हत्या का आरोपी छोटेलाल उरांव वारदात के बाद कुल्हाड़ी लेकर गांव में घूमता रहा। उसे ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से काबू में किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

ग्रामीणों के अनुसार छोटेलाल उरांव की मानसिक स्थिति अच्छी नहीं है। वह मंगलवार की दोपहर धीरज मुंडा के घर पहुंचा। उस वक्त घर के सभी सदस्य खाना खाकर आराम कर रहे थे। छोटेलाल घर का दरवाजा पीटने लगा। धीरज ने दरवाजा खोला, तो छोटेलाल ने पास में रखी कुल्हाड़ी उठाकर घर के सभी सदस्यों पर अंधाधुंध प्रहार कर दिया। फिलहाल, पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# अति सुदूरवर्ती होइओ गांव पहुंचे डॉ शशिभूषण मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गांव होईओ गांव में विगत दिनों राजकुमार सिंह खरवार के घर में आग लग गई थी, जिससे घर में रखे सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गये थे। इसकी सूचना पाकर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता मंगलवार को पीडित परिवार से मिलने उसके पहुंचे। परिजनों को सरकारी प्रवधान के तहत हर सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। कहा कि घटना बहुत दुःखद है। पांकी सीओ राजकुंवर सिंह से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को राहत मुहैया करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, शंकर शुक्ला, सुधीर तिवारी, सुदेश यादव, योगेंद्र उरांव, सुंदर उरांव आदि उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनन विभाग की राजस्व वसूली में इजाफा

# पिछले वर्ष की तुलना में 100 करोड़ से अधिक की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खनन विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना 53 करोड़ से भी अधिक की गयी है। पांच वर्ष के दौरान सबसे अधिक वितिय वर्ष 2023-24 में कोयला एवं पत्थर में राजस्व की प्राप्ति की हुई है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 212 करोड़, 78 लाख रुपये के राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित था, जिसमें 160 करोड़ 47 लाख रुपये राजस्व वसूली हुई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 305 करोड़ 34 लाख राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित था, जिसमें 213 करोड़ 65 लाख रुपये राजस्व वसूली की गयी। उन्होंने बताया कि कोयला में 2022-23 में 61 करोड़, 42 लाख, 49 हजार की राजस्व प्राप्ति हुई थी, जबकि वितिय वर्ष 2023-24 में 93 करोड़ 97 लाख 46 हजार हो गयी जो पिछले वर्ष की तुलना 32 करोड़ अधिक है, जबकि पत्थर में वर्ष 2023-24 में कुल 86 करोड़, 84 लाख, 77 हजार रुपये की वसूली की गयी थी जबकि वितिय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 108 करोड़ 32 लाख, 98 हजार हो गयी जो पिछले वर्ष की तूलना में 22 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने बताया कि अन्य खजिन संपदा में भी पिछले वर्ष की तूलना में 100 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व की प्राप्ति हुई है।



खनन विभाग की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

# नये सत्र में नये संकल्प के साथ लक्ष्य को पूरा करें : प्रधानाचार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन यज्ञ व अनुष्ठान कार्यक्रम के साथ नए सत्र का शुभारंभ करते हुए आगामी सत्र के लिए पूरे विद्यालय परिवार की सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की गई। इस दौरान कलश स्थापना की गई और सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा व पुरोहित सह आचार्य पुरुषोत्तम वैद्य द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कराया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने विद्या भारती की कार्यप्रणाली व नए सत्र के बारे में जानकारी दी। कहा कि हमारी परंपरा एवं मान्यता है कि कोई भी कार्य यदि हम ईश्वर की स्तुति के साथ करते हैं तो उसमें अवश्य सफलता मिलती है। नए सत्र में नए जोश, स्फूर्ति एवं नई संकल्प के साथ किया गया कार्य से अवश्य अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से पूर्ण किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखकर हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, राजेश्वर सिंह यादव, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, मनोज सिंह, संजय सिन्हा, अभिषेक पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, छाया कुमारी, उषा कुमारी, हर्षदा चौबे आदि उपस्थित थे।

# यज्ञ का उद्देश्य चेतना का विकास व राष्ट्र का निर्माण है : अविनाश देव



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ चैनपुर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित अविनाश देव ने झंडोतोलन के साथ किया। साथ ही पांच कन्याओं को कलश देकर जलयात्रा के लिए रवाना किया। अविनाश देव ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिनों तक चलने वाला यह राष्ट्र जागरण यज्ञ विश्व के कल्याण में मिल का पत्थर साबित होगा। देश के अंदर नफरत का जो माहौल है उसमें गिरावट आएगी। प्रेम भाईचारा शांति में वृद्धि होगी। विचार क्रांति की बदौलत भारत विश्व गुरु की दिशा में कदम रखेगा और हम सभी अमन का गीत गायेंगे।

# अलीनगर गांव की दर्जनों महिलाओं ने लगाया अबुआ आवास में धांधली करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कई पंचायत में अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों का नाम हटाने का विरोध तेज होने लगा है। इस बाबत मंगलवार को पोलडीह पंचायत के अलीनगर गांव के दर्जनों महिलाओं ने प्रखंड प्रमुख व बीडीओ को आवेदन दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि अबुआ आवास के चयन सूची में उसका नाम वरीयता क्रम में था। जिओ टैग भी हुआ था, लेकिन अंतिम सूची में पंचायत सेवक द्वारा उनका नाम हटाकर दूसरे का नाम जोड़ दिया गया है। जबकि अबुआ आवास के सभी अहर्ता को वे पूरी करती हैं। आवेदन में मामले की जांच कर उचित पहल करने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अबुआ आवास में धांधली बरतते हुए सूची से योग्य लाभुक का नाम हटाकर दूसरे लाभार्थी का नाम जोड़ने के कई मामले आ रहे है। इस मामले को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। आवेदन देने वालों में मीना देवी, सुनैना कुंवर, लालमती कुंवर, नीलम देवी, सामरिया देवी, सकुंती देवी, शर्मिला देवी, भगिया देवी, रीता देवी, मालती देवी, सोना देवी आदि शामिल है। इसकी प्रतिलिपि पलामू डीसी और हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गयी है।



प्रखंड प्रमुख को आवेदन देती पोलडीह पंचायत की महिलाएं।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ नये सत्र का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शाहपुर के न्यू टाउनशीप में स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। प्रार्थनासभा में प्राचार्य डॉ एके सिंह की ओर से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद शिक्षक, विद्यार्थी व प्राचार्य द्वारा मां शारदा की प्रार्थना संयुक्त रुप से की गई। उसके बाद शिक्षिका तनुश्री द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। शिक्षिका समूह व प्राचार्य द्वारा पौधारोपण कर स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य ने कहा कि अनुशासित जीवन वैदिक काल से ही समाज का मूलाधार रहा है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल द्वारा बेहतर शैक्षिक वातावरण का पूर्ण प्रयास किया गया है। एकलव्य, द्रोणाचार्य (गुरुशिष्य) के आदर्शों को आत्मसात कर भारतीय-संस्कृति का गौरव बढ़ाएं। अभिभावक व शिक्षक के प्रति आदरभाव से सहज रुप से आपके प्रति भी सामाजिक आदरभाव व्याप्त हो जाएगा। अनुशासन से दूरी व जीवन के सिद्धांतों से सामंजस्य बिठाने वाला सदैव लक्ष्य से वंचित रहता है। विद्यालय के चेयरमैन, आक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता द्वारा नए सत्र की शुभकामनाओं का वाचन किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद ने लोगों को दिलायी मतदाता शपथ

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर मंगलवार को चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 2 के मुंडा धौड़ा स्थित सामुदायिक भवन में नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मौजूद विभाग के सहायक अभियंता अंकित पराशर ने बताया कि मतदाता शपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेगें और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। इस अवसर पर मतदाता शपथ लेने वालों में सहायक अभियंता अंकित पराशर, कनिय अभियंता उत्तम कुमार, प्रो अरूण साव, सुपरवाइजर अमर दास, चिनमय बनर्जी, अनिल साव, ओंकार नाथ श्रीवास्तव, बैजू साव और अनुप कुमार आदि उपस्थित थे।

# स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने की बैठक, एक माह का शेड्यूल तैयार कर जागरूकता कार्यक्रम पर दिया जोर

## पिछले साल जहां 50 फीसदी से कम वोट पड़े वहां विशेष ध्यान देने पर बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने जेएसएलपीएस के डीपीएम, बीपीएम व सभी सामुदायिक समन्वयक संग बैठक कर जिले में स्वीप कार्यक्रम के गतिविधियों पर चर्चा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी से अपने-अपने क्रिएटिव आईडियाज से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम को अगले एक महीने की सूची तैयार करने व उसके अनुरूप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में जहां 50 प्रतिशत से कम वोटिंग हुआ है वहां विशेष रूप से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस का जहां भी प्रोडक्शन यूनिट है वहां प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों के बीच वोटिंग करने का संदेश दिया जाए। इसके साथ ही मतदान के एक दिन पूर्व मतदान केंद्र की ओर जाने वाले रास्तों को अबीर गुलाल से सजायें, ताकि अगले दिन मतदान के दिन मतदाता को सुखद एहसास हो। उन्होंने कहा कि एसएचजी की दीदी लोग महिलाओं का चौपाल लगायें व उन्हें भी मतदान के लिए जागरूक करें।

### बसों और ऑटो में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का लिया गया निर्णय

स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मंगलवार को बस ऑनर एसोसिएशन व ऑटो ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों ही वाहनों के जरिए सैकड़ो लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में यह मतदाता जागरूकता का बेहतर प्लेटफार्म है। कहा कि आप लोगों को प्रचार सामग्री उपलब्ध करवा दी जाएगी। ऐसे में आप सभी से अनुरोध है कि आप लोग सभी वाहनों पर जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# चिरकुंडा पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर लोगों में जागरूकता लाने को लेकर चिरकुंडा पुलिस व सीआरपीएफ पदाधिकारी व जवानों द्वारा चिरकुंडा थाना क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्रों का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। सभी मतदान केंद्रों में जाकर वहां की वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। जैसे शौचालय, जवानों के ठहरने की व्यवस्था, पानी और बिजली के साथ ही मतदान केंद्र की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया गया, ताकि मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो। इसके साथ ही वहां के हर बूथ के ग्रामीण मतदाताओं से भी पूछा गया की मतदान शांतिपूर्वक होता है कि नहीं। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि यहां मतदान शांतिपूर्वक होता है और यहां माहौल हमेशा शांतिपूर्ण रहा है। कभी किसी तरह से कोई परेशानी नहीं होती है। चिरकुंडा थाना अंतर्गत लगभग सभी मतदान केंद्रों में व्यवस्था भी ठीक-ठाक देखी गई। निरीक्षण के दौरान चिरकुंडा थाना के इंस्पेक्टर सह प्रभारी सुनिल कुमार सिंह, एसआई रोहित कुमार वर्मा, लालजीत उरांव, कमलजीत चौधरी, सुखदेव महतो, वीरेंद्र बरहा के साथ ही सीआरपी के जवान भी मौजूद थे।

# पांच दिवसीय पिछरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सर्किल नाईट मैच का शुभारंभ

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय पिछरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सर्किल नाईट मैच का शुभारंभ सोमवार की रात हुआ। इसका उद्घाटन पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा ने किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच तांतरी एकादश और करगली एकादश के बीच खेला गया। यह मैच 10-10 ओवर का क्रिकेट खेला गया। जिसमे तांतरी 8 रन से करगली को हराकर विजयी रहा।

## स्पोर्ट्स



17 अप्रैल को रामनवमी और 19 से बंगाल में लोकसभा चुनाव शुरू होने के चलते कोलकाता पुलिस के कहने पर आइपीएल के दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। अब केकेआर-आरआर का मुकाबला 17 के बजाय 16 अप्रैल को ही कोलकाता इडेन गार्डेन में होगा।

## आईपीएल 2024 : दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव, 17 अप्रैल को रामनवमी, कोलकाता पुलिस के कहने पर मैच एक दिन पहले

# केकेआर-आरआर के बीच कोलकाता में अब 16 अप्रैल को ही खेला जाएगा मैच, गुजरात व दिल्ली का 17 को अहमदाबाद में

**रामनवमी व लोकसभा चुनाव के चलते सुरक्षा देने में कोलकाता पुलिस ने जताई थी असमर्थता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नई दिल्ली/कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इन दोनों टीमों के बीच अब यह मुकाबला एक दिन पहले यानी 16 अप्रैल को खेला जाएगा। इस दिन पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होना था, लेकिन केकेआर और राजस्थान के मैच में बदलाव के कारण अब गुजरात और दिल्ली के बीच मैच 17 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा।



### रामनवमी को देखते हुए किया गया बदलाव

आईपीएल के इन मैचों के कार्यक्रम में बदलाव रामनवमी को देखते हुए लिया गया है। इस वार्षिक त्योहार को देशभर में सनातन धर्म को मानने लोग धूमधाम से मनाते हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 19 अप्रैल से लोकसभा के चुनाव भी शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए कोलकाता पुलिस ने मैच के लिए सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई थी। केकेआर और राजस्थान के बीच मैच में बदलाव को लेकर लगातार अटकलें चल रही थी। बताया गया था कि कोलकाता पुलिस, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के बीच इसे लेकर चर्चा चल रही है, लेकिन अंततः मैच की तिथि में बदलाव करने का फैसला लिया गया। जानकारी के अनुसार, कोलकाता पुलिस ने सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को भेजे पत्र में लिखा कि यह मुकाबला रामनवमी के दिन हो रहा है और पहले से ही चुनाव के कारण कुछ सुरक्षाकर्मी वहां तैनात होंगे इसलिए हम 17 अप्रैल को मैच के लिए सुरक्षा मुहैया कराने में असक्षम है।

### दो चरण में घोषित हुआ था कार्यक्रम

लोकसभा चुनावों को देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल के 17वें सीजन का कार्यक्रम दो चरण में तय किया था। शुरूआत में बोर्ड ने इस टूनार्मेंट के 21 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया और लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष 53 मैचों का शेड्यूल घोषित किया था। बीसीसीआई ने कार्यक्रम तैयार करने के दौरान इस बात का पूरा ख्याल रखा कि किसी भी स्थिति में होम अवे प्रारूप में दिक्कत ना आए। देश में सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होंगे जिसकी शुरूआत 19 अप्रैल से होगी और आखिरी चरण का मतदान एक जून को होगा, जबकि चार जून को नतीजे घोषित होंगे।

### टिकट को लेकर नहीं हुआ फैसला

केकेआर-राजस्थान और गुजरात-दिल्ली के बीच मैच की तिथि में बदलाव होने की भले ही घोषणा कर दी गई हो, लेकिन आईपीएल ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन मैचों के लिए पहले से ही बिक चुकी टिकटों का क्या होगा।

## कार्रवाई : होटल संचालक मौके से हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# होटल में छापामारी, 24 पेटी विदेशी शराब व बियर जब्त, 2 गिरफ्तार

**पचंबा के न्यू सुमित होटल में लंबे समय से शराब बेचे जाने की मिल रही थी सूचना**

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस की छापामारी में बरामद विदेशी शराब व बियर की बोतलें।

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव की घोषणा व आचार संहिता लागू होने के बाद से ही नकदी और शराब के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ रखा है। इसी क्रम में एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को पचंबा थाना पुलिस ने बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास स्थित न्यू सुमित होटल में छापामारी की। इस दौरान होटल से 24 पेटी विदेशी शराब और बियर के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। हालांकि होटल संचालक सुमित साहू भागने में सफल रहा। उधर, छापामारी के बाद अंचल पुलिस निरीक्षक मंटु कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि एसपी साहब को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यू सुमित नामक होटल में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर टीम का गठन कर होटल में छापामारी की गई, तो वहां से छिपा कर रखे गए 12 पेटी विदेशी शराब और 12 पेटी बियर बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने होटल के स्टाफ पचंबा मनिकलालो निवासी राजदेव दास व पीरटांड़ निवासी लखन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, छापामारी टीम में बीडीओ गणेश रजक, पचंबा अंचल पुलिस निरीक्षक मंटु कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक शैलेश प्रसाद, पचंबा थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक नरेंद्र कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, मुफ्फसिल थाना सहायक अवर निरीक्षक राहुल रंजन सिंह, हवलदार रामदेव यादव और आरक्षी सुरजीत कुमार सिंह शामिल थे।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच, 10 लाख से अधिक नगद बरामद



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर गिरिडीह जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस-एफएसटी की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर करीब 11 लाख रुपये जब्त किये है। सबसे पहले सरिया पुलिस और एफएसटी की टीम ने झरी मंडल की बाइक की डिक्की से चार लाख 45 हजार रुपए और अर्जुन मोदी की बाइक की डिक्की से दो लाख रुपए जब्त किया। जबकि मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक बाइक से 2.5 लाख रुपए और देवरी थाना पुलिस ने 1.75 हजार रुपए जब्त किया है। विदित हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसमें 50 हजार रुपए से अधिक की राशि नगद लेकर चलना मना है। इसी को लेकर पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# 16 साल से फरार हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने 16 साल से फरार हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को गांडेय थाना क्षेत्र के ओझाडीह गांव से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सनातन टुडू पिछले 16 साल से फरार था। इसी बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली की सनातन टुडू अपने गांव आया हुआ है। एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौसर अली के नेतृत्व में पीरटांड़ थाना प्रभारी ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को दबोच लिया। हालांकि उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। उसके खिलाफ पीरटांड़ में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जवजीवन नगर स्थित पीकेएस रिहैबिलिटेशन सेंटर में मंगलवार को वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ सचिव अनिता अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा कर किया। जो पहला कदम स्कूल से होते हुए जगजीवन नगर होते हुए वापस स्कूल पहुंचा। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कई फन गेम करवाएं गए जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे कलर से अपने हाथों से दीवाल पर कलर लगाया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताता कि यह एक विकास विकार है। विकार को सामाजिक संपर्क और संचार के साथ कठिनाइयों की विशेषता है। जिसमें प्रतिबंधित और दोहरा व्यवहार भी शामिल है। ऑटिज्म के विकार को धीरे-धीरे दूर किया जा सकता है। इसके लिए माता-पिता के साथ ही आसपास के लोगों को भी जागरूक होना आवश्यक है। आज की जागरूकता रैली का एक और उद्देश्य भी था कि 18 वर्ष के उम्र के दिव्यांगजन यह संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए भारत का भाग्य विधाता हुं अब तो मैं भी मतदाता हूं। हम सभी को समझाना है कि सबको वोट देना हो जिससे दिव्यांग भी मतदान में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी तय करें।

## विश्वकर्मा परियोजना में शुरू हुआ कोयले का उठाव

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट में मंगलवार को फारवर्ड डीओ ऑक्शन का कोयला उठाव शुरू हुआ। परियोजना में करीब 10 हजार टन का फारवर्ड डीओ ओक्सन का अलॉटमेंट बना था। प्रबंधन से वार्ता के बाद सहमति बनी की ऑक्सन डीओ पे लोडर से ट्रक लोडिंग होगा। जिसमें असंगठित मजदूर सहयोग करेंगे। परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मैन्युअल लोडिंग पूर्व की भांति असंगठित मजदूर ही करेंगे। कार्य शुरू हो गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बीएसएल में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के जन स्वास्थ्य अनुभाग के तत्वावधान में विगत सप्ताह टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जन स्वास्थ्य अनुभाग सहित नगर प्रशासन विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण शामिल रहे। एक सप्ताह तक चले स्वच्छता अभियान के तहत नगर प्रशासन भवन के समीप स्थित महात्मा गांधी गोलंबर के आस-पास, सेक्टर 2सी स्थित सेफ्टी ट्रेनिंग सेंटर, जेएनबी पार्क, जगन्नाथ मंदिर और सेक्टर 05 हटिया के आस-पास, बसंती मोड़ सेक्टर 09, नया मोड़, सिटी पार्क के पिकनिक स्पॉट व राम मंदिर मार्केट के आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया।

## तीन प्राथमिक आरोपित गिरफ्तार



**गिरीडीह (आजाद सिपाही)।** जमुआ पुलिस ने तीन प्राथमिक आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान किशुन राय (55), शिवम कुमार राय (20) और सूरज कुमार राय (22) के रूप में हुई है। किशुन और शिवम गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखोडीह गांव का रहने वाले हैं, जबकि सूरज देवरी थाना क्षेत्र के साखो गांव का रहने वाला है। इनके खिलाफ जमुआ थाने में भादवि की धारा 341, 342, 323, 324, 325, 307, 379 और 302 के तहत मामला दर्ज है। तीनों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चिकित्सक हरदेव प्रसाद पर लगा 20 डिसमिल जमीन कब्जा करने का आरोप

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी जीरो सिम निवासी जगदेव मिस्त्री ने तेतुलमारी पुलिस को लिखित शिकायत कर बताया कि वर्ष 2007 में नगड़ी कला उत्तर पंचायत स्थित खाता नंबर 230 में उसने 20 डिसमिल जमीन खरीदा था। मंगलवार को जब वह उसपर निर्माण कार्य कराना शुरू किया तो बगल में स्थित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के मालिक हरदेव प्रसाद द्वारा जमीन पर कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य को बाधित कर पिलर को तोड़ दिया। अनवर नामक व्यक्ति ने चिकित्सक की ओर से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी भी दी। वहीं, स्थानीय पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए डॉक्टर हरदेव प्रसाद को थाना बुला कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात कहते हुए दोनों पक्षो को समझा बुझाकर शांत करवाया। साथ ही जमीन की बैध कागजात के साथ सियो से जमीन की मापी करवाने की बात कही। तब जाकर दोनों पक्ष शांत हुए।

# भाजपा को रोकने को लेकर कांग्रेसियों ने बनायी रणनीति

**लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस एग्यारकुंड व कलियासोल प्रखंड की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** लोकसभा 2024 चुनाव को लेकर कांग्रेस एग्यारकुंड एवं कलियासोल प्रखंड मंडल कमेटी की बैठक मंगलवार को गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के कामिनी मैरिज हाल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह शामिल हुए। इस दौरान धनबाद लोकसभा चुनाव में प्रखंड स्तरीय चुनाव समिति गठन किया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा धनबाद में आतंक का राज कायम करना चाहती है। कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा माफिया रंगदारों को टिकट देकर समाज के सभी वर्ग व व्यापारियों में भय पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी 400 पार धनबाद से तड़ीपार के रूप में भाजपा साफ होगी। बैठक में वकील बाउरी, संतोष कुमार राय, के, सिंह, अर्जुन भुईयां, नकुल मोदी, राम पति शर्मा, आस्तिक बाउरी, राम कृपाल गोस्वामी, उमेश दास, श्यामल भंडारी, सपन बाउरी, सिराज मास्टर, देवेंद्र बाउरी, समीर बाउरी, नेपाल बाउरी, संजीव मंडल, तपन बाउरी, घनश्याम बाउरी, मिथुन बाउरी, नितिश दूबे, दिलीप मण्डल, श्रीराम चौहान, लिलु बाउरी, महेन्द्र साहनी आदि उपस्थित थे।

# आइआइटी आइएसएम में दिलायी लोस चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के दौरान युवा वोटर्स एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर आइआइटी आइएसएम के पेनमैन ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर आयुक्त रवि राज शर्मा और अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक का मंचन, वोटर हेल्पलाइन एप के उपयोग के बारे में विवरण और मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म 6 की जानकारी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के नेतृत्व में सभी को 26 मई को धनबाद में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों को भी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई गई। नगर आयुक्त ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति छह महीने से अधिक समय से यहां कार्यरत है और उसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो वे फॉर्म 6 भरकर या वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग करके ऑनलाइन अपना नाम शामिल करा सकता है।


**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, राँची**
**कृषि भवन, काँके रोड़, राँची ( कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com\

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ऑनलाईन तथा ऑफलाईन निविदा का निस्तारण अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है, शेष यथावत रहेगा।

| क्र0 | निविदा संख्या | विषय | प्रकाशन तिथि | पी0आर0 संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RFP/Horti/08/ 2023-24 | Setting up of Project Management Unit (PMU) to Provide Technical and Operational Support for Implementation of various schemes under Directorate of Horticulture/ State Mission for Jharkhand | 10-03-2024 | 321953 |

PR.NO.323509 Agriculture(24-25):D
ह0/– संयुक्त निदेशक उद्यान, झारखण्ड, राँची।



**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, राँची**
**कृषि भवन, काँके रोड़, राँची ( कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com\

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ऑनलाईन तथा ऑफलाईन निविदा का निस्तारण अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है, शेष यथावत रहेगा।

| क्र0 | निविदा संख्या | विषय | प्रकाशन तिथि | पी0आर0 संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RFP/Horti/06/ 2023-24 | Request for proposal for setting up of PMU to Design, Develop. Implement and Maintenance of online platform | 07-03-2024 | 321776 |

PR.NO.323502 Agriculture(24-25):D
ह0/– संयुक्त निदेशक उद्यान, झारखण्ड, राँची।



**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग**

-:: आम सूचना ::-

"जल ही जीवन है"    "जल है तो कल है"

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आगत ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग कार्यालय सहित प्रमण्डलों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाता है। कार्यालयवार सूचना निम्नांकित है:–

| क्र0 | नियंत्रण कक्ष/कार्यालय का नाम | नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | मोबईल नं0 | नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | श्री विजय प्रसाद (नोडल पदाधिकारी) | 9304933309 | 06546–262811 |
| | | श्री कृष्णा कुमार (नि0व0लि0) | 6299638350 | |
| | | श्री संजोग बेदिया (नि0व0लि0) | 6200368272 | |
| | | श्री राजेष कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 8709418857 | |
| | | श्री शाहिद अख्तर अंसारी, अनुसेवक | 9546615526 | |
| 2 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता | 8002093156 | 06546–296105 |
| 3 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ | ई0 अनिल कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंता, | 9973461837 | 06553–223193 |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया | ई0 अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता, | 8987463859 | |
| 5 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, | 9431325479 | 06541–253273 |

आम जनता से अपील है कि अपने आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप मरम्मति/जलापूर्ति संबंधित शिकायत उपर्युक्त अंकित मोबाईल (व्हाट्सअप)/दूरभाष/ शिकायत पंजी एवं विभागीय टोल फ्री दूरभाष संख्या –18003456502 तथा ई–मेल sedwsd.hazaribagh@gmail.com पर भी संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे, ताकि आम जनता को नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा सके।

(ई0 विजय कुमार एडविन)
अधीक्षण अभियंता

PR.NO.323524 Drinking Water and Sanitation(24-25):D


## राधा- कृष्ण वार्षिक महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंर्तगत दहियारी पंचायत स्थित पुरानी दहियारी में श्री श्री 1008 सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ सह राधा-कृष्ण वार्षिक महोत्सव की शुरूआत मंगलवार की सुबह कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व युवतियां शामिल हुए। यमूनिया नदी के यात्री घाट पर आचार्य संजय शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भराव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर संसद चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद, प्रतिनिधि सुरेश महतो, जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, बाघमारा प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य धनंजय गुप्ता, पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता, आजसू नेत्री यशोदा देवी, मुखिया धनेश्वरी देवी आदि थे।

## जन संपर्क के दौरान कोडरमा लोकसभा से विनोद सिंह को जिताने की अपील

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ाने में लगी रही मोदी सरकार: राजेश यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोकने में केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह विफल रही है। खासकर बेरोजगारी से देश के युवा परेशान हैं। झारखंड जैसे राज्य के युवा रोजगार के लिए प्रवासी बनने को मजबूर हुए। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कही। वे मंगलवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र स्थित गांडेय विधानसभा, गिरिडीह सदर प्रखंड के जगजगो-टुसकियो और बुढ़ियाटांड़ में जन संपर्क अभियान के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, घर-घर महंगाई और युवा वर्ग बेरोजगारी की तबाही झेल रहा है। किसान-मजदूर अपने अधिकार छीने जाने से बेचैन हैं। वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। इन ज्वलंत समस्याओं से इतर मोदी सरकार चंदा घोटाला में व्यस्त रहकर कंपनियों की सेवादारी में लगी रही। देश की जनता अब मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी। उन्होंने लोगों से महागठबंधन समर्थित भाकपा माले के प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से विजयी बनाकर संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों को बचाने में सहयोग देने का आह्वान किया है। मौके पर माले नेता ठाकुर मंडल, पंकज वर्मा समसुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, कुर्फान मियां, महेंद्र रवानी धनेश्वर मंडल, सफायत अंसारी, पांचू मियां, मो गयासुद्दीन, ताजुद्दीन अंसारी, कुर्बान मियां, आजाद अंसारी, नसीम अंसारी, जैतून खातून, हसीना खातून, मुनवा खातून आदि मौजूद थे।

# तीसरे टर्म में फ्री बिजली का टारगेट : मोदी

## देश में आग लगाने की बात करने वालों को चुन-चुनकर साफ कर दो, कांग्रेस इमरजेंसी माइंडसेट वाली पार्टी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तीसरे टर्म में फ्री बिजली देने की योजना बना रही है। हर घर में सोलर बिजली प्लांट लगाने की भी योजना है।

उन्होंने कहा, सरकार की नीयत सही हो, तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना, तो देश में आग लग जायेगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गये, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर साफ कर दो, ऐसे लोगों को मैदान में मत रहने दो भाइयों।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 31 मार्च को आइएनडीआइए ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली हुई थी। इसमें राहुल गांधी ने कहा था- अगर भाजपा जीती और उन्होंने संविधान को बदला तो इस पूरे देश में आग लगने जा रही है, ये देश नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री ने करीब 40 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने कहा, 'इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है, इसलिए अब वह जनादेश के खिलाफ लोगों को भड़काने में जुट गयी है। कांग्रेस, भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती हैं। कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गयी है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती है।

### मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर

**कोटपूतली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोर-शोर से चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। मंगलवार को उन्होंने राजस्थान के कोटपूतली में जनसभा को संबोधित किया और कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ, मेहनत करने के पैदा हुआ है। पिथले 10 सालों में बहुत कुछ हुआ होगा लेकिन जो भी हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा और कहा कि मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ वो लोग कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''यह चुनाव 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को पूरा करने के लिए है> मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। ये पहला चुनाव है जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेता खुद चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे बल्कि देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर बीजेपी जीतेगी, देश में आग लग जायेगी। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपका सपना मोदी का संकल्प है। पिछली सरकारों ने जो पूछा तक नहीं था, उसे मोदी ने पूजा है। मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राजस्थान के 85 लाख से अधिक किसानों के खातों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये भेजे हैं।

# चुनाव आयोग ने कुछ अधिकारियों को तत्काल हटाने का आदेश दिया

आजद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आज ओड़िशा के 8 भारतीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग ने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। चुनाव आयोग ने संबंधित आठ अधिकारियों को उन स्थानों पर स्थानांतरित करने के लिए कहा है जो चुनाव से संबंधित नहीं हैं। 2 जिलाधिकारी, 5 एसपी और एक आईजी को बदलने का आदेश दिया गया है। सूत्रों के अनुसार कटक और जगतसिंहपुर के जिलाधिकारि, अंगुल, ब्रह्मपुर, खोरधा, राउरकेला और सुंदरगढ़ के पुलिस अधीक्षक और केंद्रांचल के पुलिस महानिरीक्षक के नाम बदलने का आदेश दिया गया है। चुनाव आयोग ने आज शाम 5 बजे तक इन अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किए जाने वाले प्रत्येक पद के लिए 3 योग्य अधिकारियों के नाम देने का आदेश दिया है।

### निम्नलिखित सूची में शामिल हैं

1. बिनीत भरद्वाज – जिलाधिकारि, कटक
2. पारुल पटवारी – जिलाधिकारि, जगतसिंहपुर
3. सुधांशु शेखर मिश्र– पुलिस अधीक्षक, अंगुल
4. श्रवण विवेक एम – पुलिस अधीक्षक, ब्रह्मपुर
5. कंवर विशाल सिंह – पुलिस अधीक्षक, सुंदरगढ़
6. युगल किशोर बनोथ – पुलिस अधीक्षक, खोरधा
7. मित्रभानु महापात्र – पुलिस अधीक्षक, राउरकेला
8. आशीष सिंह– केंद्रांचल आईजी

# कांग्रेस ने 8 लोकसभा और 47 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने 8 लोकसभा और 47 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की ।बीजेडी और भाजपा पहले ही ओड़िशा विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुके हैं, जबकि कांग्रेस ने आज ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इस सूची में 47 उम्मीदवारों के नाम हैं। पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक को नुआपड़ा सीट से समरेंद्र मिश्र को बलांगीर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह, पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्त दास को नरला से जबकि सागर चरण दास को भवानीपटना से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह, कांग्रेस ने सानखेमुंडी से रमेश जेना को फिर से उम्मीदवार बनाया है, जबकि पारलाखेमुंडी से विजय पटनायक को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने जहां जयपुर सीट से तारा प्रसाद बाहिनपति को मैदान में उतारा है, वहीं हॉकी तारका प्रबोध तिर्की को तलसरा से पार्टी ने मैदान में उतारा है। पार्टी ने जहां लांजीगढ़ से बलभद्र माझी को उम्मीदवार बनाया है, वहीं कंटाबांजी से संतोष सिं सालूजा को मैदान में उतारा है। इसी तरह, कांग्रेस ने बनाई सीट सीपीआई-एम के लिए छोड़ दी, जबकि बीरमित्रपुर से जेएमएम के लिए छोड़ दी। इसी तरह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आज लोकसभा चुनाव के लिए ओड़िशा की 21 लोकसभा सीटों में से 8 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। एआईसीसी द्वारा जारी उम्मीदवारों की नाम..बरगढ़ से संजय भोई, सुंदरगढ़ से जनार्दन देहुरी, बलांगीर से मनोज मिश्र, कलाहांडी से द्रौपदी माझी, नबरंगपुर से भुजबल माझी, कंधमाल से अमीर चांद नायक, ब्रह्मपुर से रश्मिरंजन पटनायक और कोरापुट से सप्तगिरि उलाका।

### भाजपा ने 112 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है

**भुवनेश्वर।** भाजपा ने 2024 के चुनाव के लिए 112 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने शेष 35 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा ने पहले चरण में 112 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है।

# नालको ने उत्पादन और बिक्री के नये रिकॉर्ड बनाये

## वित्त वर्ष 23-24 में एल्यूमिनियम और बॉक्साइट का सर्वकालिक उच्च उत्पादन अर्जित किया



- प्रदर्शन प्रदर्शक
- 4,63,428 टन का अब तक का सर्वाधिक कास्ट धातु उत्पादन
- 4,70,108 टन का अब तक का सर्वाधिक धातु बिक्री
- 76,00,230 टन का अब तक का सर्वाधिक बॉक्साइट उत्पादन
- उत्कल डी कोल ब्लॉक का कार्य आरंभ एवं पिक रेटेड केपेसिटी पर 2 मिलियन टन कोयला उत्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार, खान मंत्रालय के तहत नवरत्न लोक उद्यम और देश का अग्रणी एल्यूमिनियम उत्पादक तथा निर्यातक नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन और बिक्री के नये रिकार्ड कायम किए हैं। कंपनी ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए स्थापना से अब तक का सर्वश्रेष्ठ 4,63,428 टन कास्ट धातु उत्पादन, सर्वाधिक 76,00,230 टन का बॉक्साइट उत्पादन, सर्वाधिक 4,70,108 टन धातु बिक्री हासिल किया है। वित्त वर्ष 23-24 में कंपनी ने अपने उत्पाद सूची में नए एल्यूमिनियम मिश्र धातु इंगॉट (एएल-59) को भी जोड़ा है। निर्धारत वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करते हुए नालको के एल्यूमिना परिशोधक ने 21,24,000 टन एल्यूमिना हाइड्रेट का उत्पादन किया,जबकि ग्रहीत विद्युत संयंत्र ने 7193.62 मिलियन यूनिट बिजली पैदा की है। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 23-24 में, नालको ने अपने उत्कल डी कोयला ब्लॉक को भी चालू किया है और अपनी ग्रहीत खपत के लिए पिक रेटेड केपेसिटी पर 2 टन कोयले का उत्पादन किया है। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको ने कहा कि कंपनी सदैव अपने पिछले श्रेष्ठ से बेहतर करने हेतु प्रयासरत रही है। महत्वपूर्ण उपलब्धि के प्रति अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने नालको समूह तथा समस्त हितधारकों को बधाई दी। विविध हितधारकों से प्राप्त सहयोग तथा कर्मचारियों के कठिन श्रम एवं समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान नालको ने पश्चगामी समावेशन, रॉ मटेरियल एवं ऊर्जा सुनिश्चित करने की दिशा में कई मुख्य पड़ाव को पार किया है ।

# पूर्व तट रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में 256 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 2023-24 वित्तीय वर्ष में, यानी. 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक, पूर्व तट रेलवे ने 256.22 मिलियन टन विनिर्मित वस्तुओं ढुलाई की है, जो 14.72 मिलियन टन अधिक है और 2022-23 वित्तीय वर्ष की तुलना में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रही है। पूर्व तट रेलवे ने इस वित्तीय वर्ष में माल ढुलाई में भारतीय रेलवे के सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पूर्व तट रेलवे ने लगातार 5वीं बार 200 मिलियन टन माल लदान का मील का पत्थर पार करने वाला पहला जोन बन गया है। पूर्व तट रेलवे ने रेलवे मंडलों ने इस शानदार उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अविभाजित दक्षिण पूर्व रेलवे के बाद वित्तीय वर्ष 2019-20 में 200 मीट्रिक टन लोड करने वाला पूर्व तट रेलवे दूसरा रेलवे जोन था। आज यह 250 मीट्रिक टन माल ढुलाई करने वाला पहला जोन बन गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, पूर्व तट रेलवे ने स्टील प्लांटों को 152.95 मीट्रिक टन कोयला, 13.29 मीट्रिक टन कच्चा माल, 20.77 मीट्रिक टन स्टील और स्लैग, 31.26 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 1.24 मीट्रिक टन सीमेंट, 3.24 मीट्रिक टन खाद्यान्न लोड किया जबकि 6.46 मीट्रिक टन उर्वरक, 3.10 मीट्रिक टन खनिज तेल, 23.91 मीट्रिक टन कंटेनर और अन्य सामान की ढुलाई की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन ने 159.94 मिलियन टन का योगदान दिया है, इसके बाद वाल्टेयर डिवीजन ने 76.48 मिलियन टन और संबलपुर डिवीजन ने 19.80 मिलियन टन का योगदान दिया है। तीनों रेल मंडलों ने पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और अपने पिछले वर्ष के लोडिंग आंकड़े को पार कर लिया है। तालचेर में एमसीएल के कोयला क्षेत्र, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में पांच बंदरगाह, यानी पारादीप, धमारा, वाइजाग, गंगावरम और गोपालपुर; इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के बैलाडिला में लौह अयस्क खदानें, प्रमुख स्टील और एल्युमीनियम कंपनियां, क्योंझर जिले में लौह अयस्क खदानें प्रमुख योगदानकर्ता हैं।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.













# एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024 में कोयला उत्पादन और डिस्पैच में शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी एकीकृत विद्युत उपयोगिता ने वित्त वर्ष 24 में 31 मार्च तक 34.39 एमएमटी के रिकॉर्ड कोयला उत्पादन के साथ अपनी पांच परिचालन कैप्टिव कोयला खानों से शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित 34 एमएमटी के वास्तविक लक्ष्य को पार करते हुए 48.21% की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ है। कंपनी ने ऋ 24 में 31 मार्च, 2024 तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया, जिसमें 55.50% वृद्धि हुई। इसके अलावा, इसने 1640 करोड़ रुपये का कैपेक्स उपयोग हासिल किया जो 1565 करोड़ के लक्ष्य का 104.8% है। इसके अलावा, एनटीपीसी कोयला खनन ने क्रमशः 1.8 एलएमटी (30.03.2024 को) और 1.29 एलएमटी (28.03.2024 को) का अब तक का सबसे अधिक एक दिन का कोयला उत्पादन और प्रेषण हासिल किया। कोयला उत्पादन केरेनदारी कोयला खनन परियोजना, एनटीपीसी की 5 वीं कैप्टिव माइन से शुरू हो गया है। एनटीपीसी की सभी कोयला खदानों ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और उनसे अधिक कर लिया है तथा भविष्य में नए मानक स्थापित करने के लिए कमर कस ली है। दुलंगा कोयला खनन परियोजना ने कोयला मंत्रालय से 5 स्टार रेटिंग हासिल की है, और यह पिछले तीन वर्षों से देश की शीर्ष 3 खानों में से एक है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) को सीआरआईएसआईएल & सीएआरई से ऐऐऐ की क्रेडिट रेटिंग प्राप्त हुई है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को कोयला मंत्रालय से सभी 6 कोयला खानों का वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त हुआ है और इसने कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित कोयला ब्लॉक नीलामी में उत्तरी दादू (पूर्व) कोयला ब्लॉक के लिए बोली जीती है। अब तक, एनटीपीसी ने अपनी पांच प्रचालनात्मक कैप्टिव कोयला खानों अर्थात झारखंड में पकरी बरवाडीह और चट्टी-बरियातू और केरेनदारी कोयला खदानों, ओड़िशा में दुलंगा कोयला खान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खान से लगभग 103+ मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयले का उत्पादन किया है।

एनएमएल एनटीपीसी थर्मल उत्पादन का 13% ईंधन भर रहा है, जिससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता में योगदान दे रहा है और प्रति वर्ष 100 मिलियन टन की क्षमता तक पहुंचने की कल्पना करता है। एनएमएल राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि एनटीपीसी की प्रचालनात मक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में इसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बढ़ाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन तकनीकों और सुरक्षा प्रथाओं को लागू करना जारी रखेगी।




# ओड़िशा को विकसित ओड़िशा बनाने के लिए डबल इंजन सरकार की जरूरत है : तपन कुमार चांद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देश के विकास में औद्योगिक क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। लघु एवं मध्यम औद्योगिक क्षेत्र देश में रोजगार पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के तहत देश लघु और मध्यम उद्योग क्षेत्र से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि जैसे नये युग के उद्योगों तक विकास के शिखर पर पहुंच गया है। देश भर के युवाओं में उद्यमिता के लिए एक नया उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। लेकिन जिस तरह से देश के अन्य राज्यों में विभिन्न उद्योग स्थापित हो रहा हैं और नौकरियां पैदा होती हैं, वही राज्य सरकार की अक्षमता के कारण ओड़िशा में सफल नहीं हो पाती है। ओड़िशा सरकार की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता की कमी के कारण औद्योगिकीकरण में बाधा उत्पन्न हुई है। नालको के पूर्व अध्यक्ष तपन कुमार चांद ने कहा। प्रदेश कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, चांद ने कहा, देश के उन 10 राज्यों की सूची में ओड़िशा का स्थान नहीं है, जहां एमएसएमई उद्योगों की संख्या सबसे अधिक है। एक बड़ा सवाल यह है कि पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन, स्थिर सरकार, मानव संसाधन होने के बावजूद ओडिशा में नए उद्योग स्थापित क्यों नहीं हो रहे हैं। राज्य में 19 लाख एमएसएमई में से केवल 5 लाख ही कार्यरत हैं, जो राज्य सरकार की विफलता को दर्शाता है। केवल 25 प्रतिशत छोटे और मध्यम उद्योग ही वास्तव में उत्पादक बन पाए हैं। राज्य में बड़े बड़े एल्युमीनियम पार्क निष्क्रिय हो जाने के कारण एमएसएमई का विकास नहीं हो पा रहा है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**